नई दिल्ली ■ सोमवार 09 मार्च 2026 ■ मूल्य 5.00 ■ वर्ष 13 ■ अंक 340 ■ पृष्ठ 08

# जनभावना टाइम्स

www.thejbt.com

निष्पक्ष और निर्भीक खबर

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गौतमबुद्ध नगर, देहरादून, लखनऊ, अलीगढ़, मथुरा, हिसार, कैथल एवं करनाल से प्रकाशित



04 अंधविश्वास पर विश्वास | 07 ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हराया | कनिका ने स्टार प्लस के शो 'तारा' में काम करने का अपना अनुभव साझा किया 08

# भारत तीसरी बार बना टी20 चैंपियन, फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया

**अहमदाबाद।** सूर्यकुमार यादव की टीम ने भारतीय क्रिकेट का एक और स्वर्णिम अध्याय लिखते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप दिलाया जिसमें संजू सैमसन की भूमिका अहम रही तो जसप्रीत बुमराह के योगदान को भी याद रखा जायेगा। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनी। इसके साथ ही तीन साल पहले इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हारने वाली रोहित शर्मा की टीम के पुराने जख्मों पर भी मरहम लग गया होगा। संजू सैमसन ने 46 गेंद में 89 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को पावरप्ले में ही 98 रन तक पहुंचाते हुए जीत की नींव रख दी थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 255 रन बनाये। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर को कोल मैकोंची की जगह जैकब डफी को अंतिम एकादश में उतारने का खामियाजा भुगतना पड़ा। करीब 86000 दर्शकों के सामने न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर आउट हो गई। सूर्यकुमार ने अपना नाम महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद टी20 विश्व कप जीतने वाले कप्तानों में शामिल कर लिया। वहीं लगातार दो टी20 विश्व कप जिताने वाले कोच गौतम गंभीर के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट चटया। उन्हें मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला। भारतीय क्रिकेट में 2007 में पहले टी20 विश्व कप में मिली खिताबी जीत अगर ऐतिहासिक थी तो इस जीत को भी 2023 के



जख्मों पर मरहम के रूप में याद रखा जायेगा। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझ रहे अभिषेक शर्मा का बल्ला फाइनल में खूब चला। वहीं सैमसन ने अपने कैरियर का सबसे यादगार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश का दिल जीता। बुमराह के यॉर्कर, अक्षर पटेल के अकल्पनीय कैच और ईशान किशन की बल्लेबाजी की चर्चा बरसों तक होगी। अभिषेक ने 21 गेंद में 52 रन बनाये जबकि सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली। उन्होंने लांग आन, लांग आफ और स्क्वेयर लेग के ऊपर से कुल आठ छक्के लगाकर खचाखच भरे दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने रचिन रविंद्र , लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की गेंदों की जमकर धुनाई करके मैदान के चारों ओर रन बनाये। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन आफ सीरीज घोषित किया गया। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेलने वाले केरल के सैमसन ने एक और जबर्दस्त पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। वहीं अभिषेक शर्मा ने अपने आलोचकों का मुंह बंद करते हुए 18 गेंद में 50 रन बनाये और छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर से पिच को भांपने में गलती हुई। उन्होंने आफ स्पिनर कोल मैकोंची को नहीं चुना जिन्होंने सेमीफाइनल में क्विंटोन डिकॉक और रियान रिकेलटन को आउट किया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लगातार दूसरा आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम को बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''चैंपियंस! आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। उन्होंने लिखा, ''यह शानदार जीत उनके असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीमवर्क को दर्शाती है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने बेहतरीन जज्बा दिखाया। ''इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। शाबास, टीम इंडिया।

# देश माफ नहीं करेगा राष्ट्रपति का अपमान: मोदी

## राष्ट्रपति के अपमान पर मोदी ने कहा- जल्द टूटेगा टीएमसी का सत्ता का अहंकार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पशिचम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अपमान को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्ता का अहंकार बहुत ही जल्द चूर-चूर होकर रहेगा। जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी।

प्रधानमंत्री ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब पूरा देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान कर रहा है, तब वह दिल्ली और देशवासियों के साथ एक पीड़ा भी साझा करना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि शनिवार को राष्ट्रपति मुर्मु संथाल आदिवासी परंपरा के एक महत्वपूर्ण उत्सव में शामिल होने के लिए बंगाल गई थीं, लेकिन उस कार्यक्रम को सम्मान देने के बजाय टीएमसी सरकार ने उसका बहिष्कार किया और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को भी पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं संथाल आदिवासी समाज से आती हैं और उन्होंने हमेशा आदिवासी समाज के विकास और कल्याण की चिंता की है। ऐसे में उनके कार्यक्रम का बहिष्कार करना न केवल राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि आदिवासी समाज की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह केवल राष्ट्रपति का ही नहीं, बल्कि देश के संविधान और उसकी भावना का भी अपमान है। मोदी ने कहा कि यह लोकतंत्र की महान परंपराओं के विरुद्ध है और उन सभी महिलाओं का भी अपमान है, जिन्होंने संघर्ष और परिश्रम के बल पर समाज में ऊंचा स्थान हासिल किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की परंपरा और संस्कृति हर व्यक्ति और हर वर्ग के सम्मान की शिक्षा देती है।

उन्होंने कहा कि किसी भी पद पर बैठे व्यक्ति का अपमान करना देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा, ''हमारे यहां कहा गया है कि अहंकार में चूर व्यक्ति चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में उसका विनाश निश्चित है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता के अहंकार में डूबी टीएमसी की राजनीति ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगी। मोदी ने कहा कि वह देश की राजधानी से यह स्पष्ट कहना चाहते हैं कि एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान करने वाली टीएमसी की राजनीति और सत्ता का अहंकार बहुत जल्द टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जागरूक और प्रबुद्ध जनता इस घटना को कभी नहीं भूलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता टीएमसी को एक आदिवासी नारी और देश की राष्ट्रपति के अपमान के लिए कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि न केवल बंगाल बल्कि पूरा देश और देश का आदिवासी समाज भी इस घटना को लेकर आहत है। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति भी इस प्रकार के व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगी। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना भारतीय संस्कृति और सभ्यता का मूल आधार है और इसका उल्लंघन करने वालों को जनता का सामना करना ही पड़ेगा।

## दिल्ली का विकास पूरे देश की छवि से जुड़ा है: मोदी

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का विकास केवल एक शहर का विकास नहीं है बल्कि पूरे देश की छवि और प्रतिष्ठा से जुड़ा है। राजधानी जितनी आधुनिक, सुव्यवस्थित और बेहतर कनेक्टिविटी वाली होगी, उतना ही भारत का आत्मविश्वास और वैश्विक पहचान मजबूत होगी। प्रधानमंत्री मोदी आज यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 33,500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से दिल्ली के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों के जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली भारत के लोकतंत्र की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी व्यक्ति जब भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की कल्पना करता है तो उसके मन में सबसे पहले दिल्ली की तस्वीर उभरती है। इसलिए राजधानी का विकास पूरे देश की प्रतिष्ठा से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली को आधुनिक और विकसित शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, परिवहन सुविधाओं के आधुनिकीकरण और आवासीय ढांचे के विकास के माध्यम से राजधानी को नई दिशा दी जा रही है। आज जिन परियोजनाओं की शुरुआत की गई है, उनमें दिल्ली मेट्रो के नए कॉरिडोर, मेट्रो विस्तार योजनाएं तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए आधुनिक आवासीय परिसरों का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से राजधानी में कनेक्टिविटी और मजबूत होगी तथा लाखों लोगों को रोजमर्रा के जीवन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

## पीएम ने महिला दिवस की दी बधाई

पीएम ने कहा, आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। आज भारत महिला सशक्तिकरण की नई गाथा लिख रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सफल नेतृत्व में राजधानी का विकास हो रहा है। राजनीति, प्रशासन, विज्ञान, खेल या समाज सेवा का क्षेत्र भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र मे एक नई ऊर्जा से आगे बढ़ रही है। मैं देश की नारी शक्ति को आज महिला दिवस पर बहुत बधाई देता हूं और राष्ट्र के विकास में उनके असीमित योगदान के लिए ऋण स्वीकार करता हूं।

# जद(यू) में शामिल हुए नीतीश के बेटे निशांत

## संजय झा ने दिलाई सदस्यता



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इंजीनियरिंग में स्नातक निशांत को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में जद(यू) में शामिल किया गया। पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा, ''मेरे पिता ने राज्यसभा सदस्य बनने का फैसला लिया, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था। हम सभी इसका सम्मान करते हैं। हम उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा।'' निशांत ने दावा किया कि बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्ष में राज्य के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा, ''राज्य की जनता कभी उनके (नीतीश) द्वारा राज्य के विकास में किए गए योगदान को नहीं भूलेगी।'' निशांत ने कहा, ''मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। मेरे पिता ने पिछले 20 वर्षों में जो योगदान दिया है उस पर देश, हमारे राज्य और मुझे गर्व है। मैं मुख्यमंत्री द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाऊंगा।'' जद(यू) कार्यालय में आगमन पर निशांत का जोरदार स्वागत हुआ। पार्टी कार्यकर्ता कार्यालय के बाहर जमा हुए और पार्टी का झंडा लहराते हुए ढोल बजाते दिखे। इस बीच, अटकलें हैं कि निशांत को नयी सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। नीतीश कुमार के एक करीबी सहयोगी ने शनिवार को दावा किया कि एक सर्वसम्मत निर्णय लिया गया था कि नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद नयी सरकार में निशांत को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सरकार ने प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं किया: ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को जोर देकर कहा कि सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अगर कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी आयोजकों व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की है, जिसने कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल सरकार पर एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का 'अपमान' करने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में ममता ने कोलकाता में धरना स्थल पर प्रधानमंत्री की एक बड़ी तस्वीर दिखाई, जिसमें मोदी भाजपा के वरिष्ठ नेता एलके आडवाणी के साथ बैठे हैं और राष्ट्रपति उनके बगल में खड़े हैं। उन्होंने तस्वीर को 'सबूत' बताते हुए दावा किया, ''तस्वीर में दिख रहा है कि प्रधानमंत्री बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते। राष्ट्रपति का अपमान करने की संस्कृति भाजपा की है, हमारी नहीं।'' ममता ने कहा,''हम राष्ट्रपति की कुर्सी और भारत के संविधान का पूरा सम्मान करते हैं, जिसे हम अपनी जननी मानते हैं, हमें दोष न दें।'' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री और किसी भी मंत्री के न मिलने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।


## भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने ममता से इस्तीफे की मांग की



**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद खगेन मुर्मू ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। राष्ट्रपति ने शनिवार को सिलीगुड़ी के पास आयोजित अपने कार्यक्रम के स्थान में बदलाव किए जाने और उसमें मुख्यमंत्री या किसी वरिष्ठ मंत्री की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई थी। आदिवासी समुदाय से आने वाले मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने कहा, ''आदिवासियों की गरिमा का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि केवल माफी मांगना पर्याप्त नहीं होगा और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल के 'बादशाह' की तरह व्यवहार कर रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी के पास आयोजित अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा था कि ममता बनर्जी उनकी ''छोटी बहन'' जैसी हैं, लेकिन उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री उनके दौरे से नाराज थीं क्योंकि कार्यक्रम में न तो वह और न ही कोई मंत्री मौजूद रहा।

# जंग के बीच ईरान को मिला नया सुप्रीम लीडर, फिलहाल ऐलान नहीं

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान में नए सुप्रीम लीडर को चुनने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है, लेकिन अभी तक उनके नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। यह फैसला देश की शक्तिशाली धार्मिक संस्था असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने लिया है। यह 88 सदस्यों की परिषद होती है, जो ईरान के सर्वोच्च नेता का चुनाव करती है। परिषद के सदस्य आयतुल्लाह मोहम्मदमेहदी मीरबाकेरी ने रविवार को कहा कि नए सुप्रीम लीडर के नाम पर ज्यादातर सदस्यों की सहमति बन चुकी है। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम घोषणा से पहले कुछ प्रक्रियाएं अभी बाकी हैं। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ये प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद ही नए नेता का नाम सार्वजनिक किया जाएगा। शनिवार को परिषद के एक सीनियर धर्मगुरु ने कहा था कि अगले सुप्रीम लीडर को चुनने के लिए सदस्य एक दिन के अंदर बैठक कर सकते हैं। लेकिन अब इस बात पर मतभेद सामने आए हैं कि फैसला किस तरीके से अंतिम रूप दिया जाए। कुछ सदस्य चाहते हैं कि सभी लोग आमने-सामने बैठकर औपचारिक



बैठक में फैसला लें। वहीं कुछ सदस्य सुरक्षा कारणों से बिना बैठक के ही फैसला घोषित करने के पक्ष में हैं। परिषद के सदस्य अयातुल्ला मोहसिन हेदरी अलेकासिर ने कहा कि मौजूदा हालात में पूरी बैठक करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक असाधारण स्थिति है और ऐसी बैठक करने से दुश्मनों को हमला करने का मौका मिल सकता है, जिससे ईरान की क्रांति को नुकसान होगा। दरअसल, 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध में कई ईरानी अधिकारी और सैन्य कमांडर मारे गए हैं। इन्हीं हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो गई थी। इधर, इजराइल ने कहा है कि खामेनेई के हर संभावित उत्तराधिकारी को निशाना बनाया जाएगा। इजराइली डिफेंस फोर्स (IDF) ने कहा है कि उत्तराधिकारी चुनने की प्रक्रिया में शामिल हर शख्स को मार दिया जाएगा।

# नेपाल में बालेन शाह के अगले प्रधानमंत्री बनने की संभावना

**काठमांडू।** नेपाल में रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) रविवार को आम चुनाव में शानदार जीत की ओर अग्रसर है जिसमें पारंपरिक पार्टियों को करारी हार का सामना करना पड़ा। नेपाल के निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार, वर्ष 2022 में गठित आरएसपी ने उन 165 सीट में से 120 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी छह अन्य सीट पर आगे है। शाम साढ़े पांच बजे तक निर्वाचन आयोग द्वारा 165 सीट में से 156 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं।

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि केवल नौ सीट के परिणाम घोषित किए जाने बाकी हैं और यह प्रक्रिया रविवार देर रात या सोमवार सुबह तक पूरी हो सकती है। बृहस्पतिवार को मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना शुरू हो गई और शनिवार को परिणाम घोषित होने शुरू हो गए, जिनमें से एक प्रमुख परिणाम यह था कि प्रधानमंत्री पद के लिए आरएसपी के उम्मीदवार बालेन (35) ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल की सबसे बड़ी पार्टियों में



से एक - सीपीएन-यूएमएल - के अध्यक्ष और चार बार के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोट के भारी अंतर से हराया। बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है। बालेन हिमालयी देश के पहले मधेसी प्रधानमंत्री होंगे और साथ ही नेपाल के संसदीय इतिहास में सर्वोच्च पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा व्यक्ति भी होंगे।

नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की सीपीएन-(यूएमएल) को सिर्फ सात सीट मिली हैं और वह तीन सीट पर आगे है। निर्वाचन आयोग के आंकड़े के अनुसार, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) ने सात सीट, श्रम संस्कृति पार्टी ने तीन सीट और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है।

जीतने वालों में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा स्थापित आरएसपी ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों के सभी 15 निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया है। पुरानी पार्टियां उन मतदाताओं को भरोसे में लेने में नाकाम रहीं जिनके लिए भ्रष्टाचार से लड़ाई, भाई-भतीजावाद का अंत और देश की राजनीतिक नेतृत्व में पीढ़ीगत बदलाव प्रमुख मुद्दे थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली




**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूटी व पैदल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति के तहत पुलिसकर्मियों ने महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा मनीषा सिंह द्वारा स्कूटी व पैदल रैली का शुभारंभ नोएडा स्टेडियम के गेट नबंर -4 से किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिस ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली में महिला पुलिसकर्मी स्कूटी चलाते हुए तथा पैदल मार्च करते हुए विभिन्न मार्गों से होकर गुजरीं और अंत में पुनः निर्धारित स्थल पर उसका समापन किया गया। रैली के माध्यम से समाज में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण, महिलाओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता तथा समान अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान आमजन को बताया गया कि नोएडा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आमजन को महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे Dail-112, महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, वन स्टॉप सेंटर नंबर-181 आदि के बारे में भी जागरूक किया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना झिझक पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित यह रैली मिशन शक्ति के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने, नारी शक्ति के सम्मान एवं महिलाओं की सुरक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही है।

## महिला समेत तीन लोगों ने की आत्महत्या



**नोएडा।** नोएडा के विभिन्न जगहों पर रहने वाले तीन लोगों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर -113 के प्रभारी विपिन कुमार ने रविवार को बताया कि सेक्टर 115 में रहने वाली अनीता सरकार पत्नी राजा हलधर उम्र 22 वर्ष ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 142 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि थाना क्षेत्र के सेक्टर 142 में रहने वाले खालिद पुत्र लियाकत उम्र 26 वर्ष ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि निशा पत्नी कपिल उम्र 25 वर्ष निवासी सदरपुर कॉलोनी ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

## बिजली संबंधी समस्या पर जनसुनवाई आज

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग आज ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में बिजली की प्रस्तावित दरों पर जनसुनवाई करेगा। सुबह 11 बजे से जनसुनवाई शुरू होगी।

सबसे पहले पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की सुनवाई होगी, जबकि दोपहर 3 बजे से एनपीसीएल की सुनवाई होगी। एनपीसीएल ने इस बार भी बिजली की दरों में वृद्धि का प्रस्ताव नहीं दिया है। हालांकि शहर के उपभोक्ता अपनी समस्याओं को भी रख सकते हैं। पीवीवीएनएल ने वर्ष 2026-27 के लिए बिजली की दरों में 40 से 45 प्रतिशत की वृद्धि करने का प्रस्ताव आयोग को दिया है।

जिस पर आयोग अलग-अलग शहर में उपभोक्ताओं के बीच जाकर जनसुनवाई कर रहा है। एनपीसीएल के अफसरों ने बताया कि सुबह 11 बजे से पीवीवीएनएल और दोपहर 3 बजे से एनपीसीएल से जुड़ी जनसुनवाई होगी।

## एक्सप्रेसवे पर पिकअप चालक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में पिकअप वाहन चालक की मौत हो गई। ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने मृतक के परिजन की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। जलपुरा निवासी बिंद प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता त्रियोगी प्रसाद शनिवार रात करीब 9:30 बजे पलवल से पिकअप चलाकर डासना गाजियाबाद जा रहे थे। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या-88 के पासपीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए। अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार से दो लैपटॉप और दस्तावेज चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** जगत फार्म मार्केट की पार्किंग में खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोर दो लैपटॉप समेत जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए।

डेल्टा-1 निवासी शिवम श्रीवास्तव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 मार्च की शाम को मार्केट के पास गाड़ी खड़ी थी।

बाजार से जब वापस लौटे तो कार का एक शीशा टूटा था। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि प्राथमिक दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अखिलेश यादव की समाजवादी समानता भाईचारा रैली 29 मार्च को दादरी में



**नोएडा।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर रविवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र नागर ने किया। बैठक में 29 मार्च को दादरी नगर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रस्तावित समाजवादी समानता भाईचारा रैली को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि 29 मार्च को दादरी मिहिर भोज डिग्री प्रांगड़ में होने वाली समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की समाजवादी समानता भाईचारा रैली विशाल और ऐतिहासिक होगी। इस जिले में जनपद गौतमबुद्ध नगर तथा आसपास की जनपदों से लाखों की संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा की इस जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्त्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। सभी कार्यकर्त्ता इस रैली को सफल बनाने के अपनी लिए पूरजोर मेहनत करें और अधिक से अधिक लोगों के साथ रैली में पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा कि जन विरोधी नीतियों से परेशान जनता उत्तर प्रदेश में परिवर्तन करना चाह रही है, जिसका आधार कादरी की इस रैली से होगा। इस मौके पर सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि दादरी होने वाली समाजवादी समानता भाईचारा रैली को लेकर जनता में काफी उत्साह है, इस रैली के माध्यम से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मिशन 2027 का आगाज करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में गरीब, किसान, मजदूर, दलित, पिछड़े और महिलाओं का उत्पीड़न हुआ है। भाजपा सरकार से त्रस्त जनता उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव को एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनना चाहती है, इसकी पटकथा इस रैली के बाद लिख जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से वीर सिंह यादव, फकीरचंद नागर, इन्दर प्रधान, सुनील देवटा, कृशान्त भाटी, कृष्णा चौहान, कपिल ननका शशि यादव, रामशरण नागर एडवोकेट, मनोज भाटी एडवोकेट विनोद लोहिया, मेहंदी हसन, विक्रम टाइगर, अकबर खान, राजेश रोही, सुदेश भाटी, विकास जतन, नवीन भाटी, रोहित मत्ते गुर्जर, हरवीर प्रधान, अमित रौनी, विपिन सेन, अक्षय चौधरी, जुगती सिंह, यूनुस खान, अनिल प्रजापति, दीपक नागर सहित अन्य मौजूद रहे।

# युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया सांसद-विधायक खेल महोत्सव का आयोजन

**नोएडा।** युवाओं में खेल भावना, फिटनेस एवं प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नोएडा में सांसद-विधायक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का समापन 8 मार्च को होगा। नोएडा के सेक्टर-21 स्थित इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव एवं विधायक खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद डा. महेश शर्मा एवं विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का संगम देखने को मिला, जिसमें नोएडा क्षेत्र से जूनियर, सब-जूनियर तथा छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने खिलाड़ियों से संवाद किया और उन्हें प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। आज आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, कुश्ती, जूडो, वेटलिफ्टिंग, फुटबॉल तथा बैडमिंटन के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। विधायक पंकज सिंह ने खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उनके खेलों के बारे में



जानकारी ली और कहा कि जो बच्चे अपने जिले और विधानसभा स्तर से आगे बढ़ेंगे, वे मंडलीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भी भाग लेंगे। सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव, फिट इंडिया, खेलो इंडिया तथा फिट यूथ फॉर विकसित भारत जैसे अभियानों के माध्यम से देश की युवा शक्ति खेलों के जरिए भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगी। इस मौके पर नोएडा भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, कार्यक्रम संयोजक संजय बाली, चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, मनीष शर्मा, डिम्पल आनंद, ओमवीर अवाना, विनोद शर्मा, मुक्तानंद प्रधान, उमेश पहलवान, मनोज चौहान, भूपेश चैचौधरी, राजकुमार बंसल, अमित त्यागी, घनश्याम यादव, लोकेश कश्यप, रामनिवास यादव, विपुल शर्मा, राजेश सिंह, प्रमोद बहल, गौतम शर्मा, सत्यनारायण महावर, शशीधर उपाध्याय, मनीष तिवारी, दीनबंधु कुमार कुशवाहा, प्रदीप चौहान, नीरज चौधरी, रामकिशन यादव सहित अन्य मौजूद रहें। जिला युवा कल्याण अधिकारी (गौतमबुद्ध नगर एवं बुलंदशहर) महिपाल सिंह तथा प्रवेज अली, क्रीड़ाधिकारी गौतमबुद्धनगर परवेज अली ने बताया कि सांसद-विधायक खेल महोत्सव का समापन 8 मार्च 2026 को होगा।

# बाथरुम में बनी पानी की हौदी में डूबा रिटायर्ड मर्चेंट नेवी अधिकारी, मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 29 में रहने वाले एक मर्चेंट नेवी से रिटायर्ड अधिकारी की घर के बाथरूम में नहाने के लिए बनाई गई पानी की हौदी में डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने रविवार को बताया कि नीरज पुत्र रघुवीर सिंह उम्र 44 वर्ष सेक्टर 29 के फ्लैट नंबर 1429 में रहते थे। वह मर्चेंट नेवी से रिटायर्ड थे, तथा मौजूदा समय में किसी बड़ी कंपनी में कार्य कर रहे थे। उन्होंने अपने घर के बाथरूम में नहाने के



लिए पानी की एक बड़ी और गहरी हौदी बनावाई थी। अपने घर पर वह बीती रात को नहा रहे थे। उसी दौरान पानी की हौदी में वह डूब गए तथा उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक लखन सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि वह पूर्व में मर्चेंट नेवी में कार्यरत थे, तथा वहां से रिटायरमेंट होने के बाद वह किसी बड़ी कंपनी में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह शराब के नशे में नहाने के लिए हौदी में गए, तथा डूब गए।

# दो केंद्रों पर होगा यूपी बोर्ड की तीन लाख कॉपियों का मूल्यांकन

### 18 मार्च से शुरू होगी प्रक्रिया, CCTV कैमरों की निगरानी में शिक्षक जांचेंगे कॉपियां

**ग्रेटर नोएडा।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से जनपद के दो केंद्रों पर शुरू होगा। सेक्टर-12 स्थित जीजीआईसी और बादलपुर के कुमारी मायावती राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंटर-हाईस्कूल की करीब तीन लाख कॉपियां जांची जाएंगी। एक अप्रैल तक मूल्यांकन प्रक्रिया चलेगी। इसे पारदर्शी बनाए रखने के लिए परिषद ने सख्त निर्देश दिए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी स्तर पर मौखिक, लिखित, डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उत्तर पुस्तिका अथवा मूल्यांकन से संबंधित किसी भी सूचना को साझा करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। गोपनीयता भंग होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मूल्यांकन खत्म होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक ट्रक के साथ दो सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। मूल्यांकन की निगरानी के लिए जिले में एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा।

दोनों केंद्रों पर करीब 400 से अधिक शिक्षक उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। हर मूल्यांकन केंद्र पर जिलाधिकारी स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मूल्यांकन का काम सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराया जाएगा। इसकी कनेक्टिविटी जनपद तथा राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से होगी।

इस काम को करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मूल्यांकन कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) द्वारा शिक्षकों को परिचय पत्र भी जारी किए जाएंगे।

## सीबीएसई 12वीं में गणित का पेपर आज

नोएडा। सोमवार को सीबीएसई 12वीं में गणित का पेपर होगा। कुल 59 केंद्रों पर परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। विद्यार्थियों को मोबाइल फोन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्रों के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## किसान नेता को घर में किया नजरबंद

**रबूपुरा।** यूजीसी के विरोध में दिल्ली जा रहीं भारतीय किसान यूनियन महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी को पुलिस ने रविवार को उनके मकान में नजरबंद कर दिया। किसान नेता यूजीसी के विरोध में कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के लिए रवाना होने वाली थीं। संगठन की ओर से 8 मार्च को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन की घोषणा की गई थी लेकिन कार्यकर्ताओं के रवाना होने से पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। रविवार सुबह रबूपुरा के एसआई अश्विनी यादव, अजय कसाना, नदीम चौहान अपनी फोर्स के साथ किसान नेता के घर पहुंचे और उन्हें नजरबंद कर लिया। रबूपुरा थाना प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसानों को दिल्ली जाने से रोका गया है।



# प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया






**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली मेट्रो के दो नये कॉरिडोर का उद्घाटन किया तथा तीन मेट्रो लाइन की आधारशिला रखी, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के कई महत्वपूर्ण स्थानों को सीधी संपर्क सुविधा मिल सकेगी। मोदी ने केंद्र सरकार की 'जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन' (जीपीआरए) पुनर्विकास योजना के तहत भी 15,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सभी परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 33,500 करोड़ रुपये है। मोदी ने पिंक लाइन के 12.3 किलोमीटर लंबे मजलिस पार्क-मौजपुर-बाबरपुर कॉरिडोर और मैजेंटा लाइन के 9.9 किलोमीटर लंबे दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इन कॉरिडोर से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क समेत दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार योजना के चरण 5-ए के तहत तीन नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी जिनकी कुल लंबाई लगभग 16.1 किलोमीटर होगी। इसमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग-इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर, एयरोसिटी-इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-1 कॉरिडोर और तुगलकाबाद-कालिंदी कुंज कॉरिडोर शामिल हैं, जिनसे मध्य दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, नोएडा और हवाई अड्डे के बीच संपर्क सुविधा में सुधार होगा।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ऑल वूमेन बाइक रैली को झंडी दिखाई



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कनॉट प्लेस में ऑल वूमेन बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्स पर कहा कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर साहस, आत्मविश्वास और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाओं ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र के नव-निर्माण तक हर क्षेत्र में प्रेरक और सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है। आज देश की महिलाएं पंचायत से लेकर संसद तक निर्णायक भूमिका निभाते हुए विकसित भारत के संकल्प को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने सभी देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाए दी। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि ऑल वूमेन बाइक रैली में विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रही सैकड़ों महिलाओं ने एक साथ सड़कों पर उतरकर यह सशक्त संदेश दिया कि नारी शक्ति ही विकसित भारत की असली प्रेरक शक्ति है। उन्होंने कहा कि यह उत्साह और आत्मविश्वास उस बदलते भारत की झलक है, जहां महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। इस मौके पर सांसद बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत, प्रियंका चतुर्वेदी, स्वाति मालीवाल एवं नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल मौजूद रहे।

## दिल्ली-एनसीआर में नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बनाकर बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है, जो नामी ब्रांडों के नाम पर नकली प्रोटीन पाउडर तैयार कर बाजार में बेच रहे थे। पुलिस के अनुसार, इन सप्लीमेंट्स के सेवन से लोगों में अंगों से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा हो सकता है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहित तिवारी (30) और मोहित दीक्षित (30) के रूप में हुई है। दोनों ब्रह्मपुरी इलाके के रहने वाले हैं। इस मामले में क्राइम ब्रांच थाने में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 318(4), 336(3), 336(4), 349, 61(2), 3(5) तथा कॉपीराइट एक्ट की धारा 63/65 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली थी कि ब्रह्मपुरी इलाके में नकली प्रोटीन सप्लीमेंट तैयार कर बाजार में सप्लाई किए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर रामपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 6 मार्च को ब्रह्मपुरी इलाके में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे नामी ब्रांडों के प्रोटीन सप्लीमेंट की नकली पैकिंग तैयार कर उन्हें बाजार में असली बताकर बेचते थे। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने उनके अवैध मैन्युफैक्चरिंग यूनिट पर छापा मारकर भारी मात्रा में नकली प्रोटीन सप्लीमेंट, कच्चा माल और पैकेजिंग सामग्री बरामद की। पुलिस ने मौके से करीब 100 किलो नकली प्रोटीन और 55 किलो कच्चा माल बरामद किया है। इसके



अलावा नामी ब्रांडों के नाम से तैयार पैकेट, फ्लेवरिंग एजेंट, स्टिकर, होलोग्राम, खाली जार, दो मिक्सिंग मशीन और दो वजन मशीन भी जब्त की गई हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपित माल्टो पाउडर, कोको पाउडर और अन्य फ्लेवरिंग एजेंट मिलाकर नकली प्रोटीन तैयार करते थे और उसे महंगे ब्रांड के नाम से पैक कर जिम और सप्लीमेंट की दुकानों में सप्लाई करते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपित मोहित तिवारी पहले चांदनी चौक में आयुर्वेदिक दवाओं की सप्लाई का काम करता था और बाद में एक सप्लीमेंट की दुकान में काम करने लगा। वहीं मोहित दीक्षित पिछले दो से तीन वर्षों से नकली सप्लीमेंट बनाने के इस अवैध धंधे में सक्रिय था। क्राइम ब्रांच अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और इसकी सप्लाई चेन की जांच कर रही है। पुलिस फरार आरोपित अनिल बिस्वा और अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी हुई है।

## नकली आईफोन पार्ट्स के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रोहिणी इलाके में नकली आईफोन स्पेयर पार्ट्स और एक्सेसरीज बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान पांच दुकानों पर छापेमारी कर करोड़ों रुपये के नकली एप्पल प्रोडक्ट बरामद किए और पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार के निर्देश पर आर्थिक अपराध और नकली सामान बेचने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंज-1 की टीम को 6 मार्च को गुप्त सूचना मिली कि रोहिणी के विकास सूर्या शॉपिंग मॉल और मंगलम प्लेस, एम2के सेक्टर-3 में स्थित कुछ दुकानों पर नकली आईफोन स्पेयर पार्ट्स और एक्सेसरीज को असली बताकर बेचा जा रहा है। पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने रविवार को बताया कि सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर अजय शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। छापेमारी से पहले एप्पल कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि तौकीर चौधरी को भी मौके पर बुलाया गया, ताकि बरामद सामान की पहचान की जा सके। इसके बाद पुलिस टीम ने दिनेश स्पेयर पार्ट, सिंघल्स मोबाइल एक्सेसरीज, प्रधान जी कम्युनिकेशन, सतगुरु एक्सेसरीज और कंसल एक्सेसरीज नेक्स्ट नाम की पांच दुकानों पर छापा मारा। जांच के दौरान दुकानदार एप्पल कंपनी से अधिकृत होने का कोई प्रमाण या सामान की खरीद से संबंधित बिल नहीं दिखा सके। मौके पर मौजूद एप्पल कंपनी के प्रतिनिधि ने जांच के बाद बरामद सभी उत्पादों को नकली घोषित कर दिया। पुलिस की छापेमारी के दौरान करीब 1000 आईफोन बैक पैनल, 180 बैक बॉडी, 228 बैटरी, 48 कैमरा और चार्जिंग फ्लेक्स, 738 बैक कवर, 14 एडॉप्टर और 109 यूएसबी-सी केबल बरामद किए गए। एप्पल टीम के अनुसार, जब्त सामान की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 60 लाख रुपये है। पुलिस ने इस मामले में दिनेश (सुल्तानपुरी), शिवम सिंघल (बुद्ध विहार), शिवम (समयपुर बादली), पुनीत (रोहिणी सेक्टर-6) और रामकरण शर्मा (रोहिणी सेक्टर-7) को गिरफ्तार किया है।

## एसटीएफ ने 10 लाख की कोकीन के साथ एक सप्लायर पकड़ा

**नई दिल्ली।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तर-पश्चिम जिले की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कोकीन सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 11 ग्राम उच्च गुणवत्ता की कोकीन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। ड्रग्स की सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही एक स्कूटी भी जब्त की गई है। उत्तर-पश्चिम जिले की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान अभिषेक अस्थाना (20) के रूप में हुई है। वह रोहिणी के विजय विहार फेज-1 का निवासी है। जांच में सामने आया है कि आरोपित ड्रग्स सप्लाई के एक सिंडिकेट से जुड़ा हुआ था और हाल ही में उसने उत्तर-पश्चिम जिले में अपना नेटवर्क फैलाना शुरू किया था। वह मांग के अनुसार ग्राहकों तक नशीले पदार्थों की सप्लाई करता था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, 2 फरवरी को एसटीएफ को इस संबंध में एक विशेष सूचना मिली थी। इसके बाद इंस्पेक्टर संदीप यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मैनुअल और तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपित की गतिविधियों पर नजर रखना शुरू किया। कई दिनों तक लगातार निगरानी और रणनीतिक योजना के बाद पुलिस ने आरोपित को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने जब आरोपित की तलाशी ली तो उसके पास से 11 ग्राम कोकीन बरामद हुई। इसके अलावा ड्रग्स की सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही एक स्कूटी भी जब्त कर ली गई। इस संबंध में अशोक विहार थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21/25/61 के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बवाना में युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के बवाना थाना क्षेत्र में रविवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपितों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह सूचना मिली कि सुल्तानपुर रोड स्थित पूठ खुर्द के पास राज वाटिका के नजदीक एक युवक को गोली मार दी गई है और वह गंभीर हालत में पड़ा है। सूचना मिलते ही बवाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहां एक युवक घायल अवस्था में मिला, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान मृतक की पहचान भूपेंद्र (24) के रूप में हुई है। वह पूठ खुर्द के पन्ना बस्ती वाड़ा का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, युवक के शरीर पर गोली लगने के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने शव को




पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ तकनीकी और मैनुअल इंटेलिजेंस के जरिए सुराग जुटाने में लगी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दिल्ली की अदालत ने जबरन वसूली के मामले में लॉरेंस बिश्नोई समेत तीन को आरोपमुक्त किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित तौर पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और दो अन्य को आरोपमुक्त कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध को साबित करने के लिए सबूत पेश करने में विफल रहा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नूपुर गुप्ता ने रमन दीप सिंह की शिकायत पर सनलाइट कॉलोनी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 387 (जबरन वसूली के प्रयास में किसी व्यक्ति को मौत या गंभीर चोट का भय दिखाना) के तहत दर्ज एक मामले में लॉरेंस बिश्नोई, हरेन सरपदाड़िया और आशीष शर्मा को आरोपमुक्त कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 23 और 24 अप्रैल 2023 की मध्यरात्रि के बीच उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आने लगे, जिनमें उसे जान से मारने धमकी दी गई और उससे एक करोड़ रुपये की मांग की गई। जांच के बाद, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 386 (किसी व्यक्ति को जान से मारने या गंभीर चोट पहुंचाने की धमकी देकर जबरन वसूली करना) और धारा 387 के साथ धारा 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप पत्र दाखिल किया। हालांकि, अदालत ने कहा कि आईपीसी की धारा 386 के तहत जबरन वसूली के अपराध के लिए मृत्यु या गंभीर चोट के भय को लेकर संपत्ति की वास्तविक सुपुर्दगी आवश्यक है जबकि इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। अदालत ने 20 फरवरी के अपने आदेश में कहा, ''न तो शिकायतकर्ता ने धमकी के तहत संपत्ति की सुपुर्दगी का आरोप लगाया है और न ही पूरे आरोप पत्र में इसका उल्लेख किया गया है।

## दिल्ली के वेस्ट परमानंद कालोनी में एक ही रात में दो गाड़ियां चोरी



**नई दिल्ली।** उत्तरी पश्चिमी जिले के भाई परमानंद वेस्ट कालोनी में चोरों के हौसले काफी बुलंद हो गए है। बीती रात चारों ने कालोनी की दो कारों पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना उस समय घटी जब पुलिस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली की तैयारियों में जुटी थी। कालोनी में यह वाहन चोरी की पहली घटना नहीं है। पिछले दिनों में कालोनी से कई गाड़ियां चोरी हो चुकी है।

उल्लेखनीय है कि उत्तरी पश्चिमी जिले के बुराड़ी क्षेत्र में 8 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली होनी थी। इसे लेकर मुखर्जी नगर थाने की पुलिस रैली की तैयारियों में जुटी थी। 7 मार्च की रात जहां पुलिस अपनी ड्यूटी में लगी थी वहीं चोरों ने मौके का फायदा उठाया। चोरों ने रेकी करते हुए भाई परमामनंद कालोनी में दो कारों पर अपना हाथ साफ कर दिया। कालोनी के मकान नंबर 519 में रहने वाले नरेश कुमार ने बताया कि रात में उनकी सेल्टोज गाड़ी नंबर डीएल 8 सी बीजे 7050 चोरी कर ली। चोरों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने लगे हाथ इसी कालोनी की ग्रीन कलर की सेल्टोज गाड़ी भी चुरा ले गए। नरेश कुमार ने बताया कि इस कालोनी से पिछले दिनों एक क्रेटा गाड़ी भी चोरी हो गई। चोरी की वारदात से कालोनी के लोग काफी दहशत में है। घटना आधी रात डेढ़ बजे से साढ़े तीन बजे के बीच की है। इस मामले में थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में चार लोगों ने 'कलेक्शन एजेंट' से नकदी लूटी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर 27 वर्षीय एक 'कलेक्शन एजेंट' से नकदी से भरा बैग लूट लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पीड़ित अविनाश ओल्ड सीलमपुर का निवासी है और चांदनी चौक क्षेत्र में एक कबाड़ व्यवसायी के लिए 'कलेक्शन एजेंट' के रूप में काम करता है। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार को इलाके में एक बैंक एटीएम के पास हुई। एक अधिकारी ने बयान में कहा, ₹अविनाश अपने स्कूटर पर नकदी ले जा रहा था, तभी एटीएम के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों ने उसे रोक लिया। हमलावरों ने कथित




तौर पर उसे हथियार दिखाकर धमकाया, नकदी से भरा उसका बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए।₹ अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एक फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान व उन्हें पकड़ने के लिए टीम तैनात कर दी गई हैं।

## उत्तम नगर हत्याकांड: आठवां आरोपित गिरफ्तार, एक के मकान पर चला बुलडोजर

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के उत्तम नगर में हुए बहुचर्चित हत्याकांड में दिल्ली पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अब तक कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं मृतक तरुण के परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले में एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराएं भी जोड़ दी हैं। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान हस्ताल रोड, उत्तम नगर निवासी इमरान उर्फ बंटी (38) के रूप में हुई है। वह इस हत्याकांड में गिरफ्तार होने वाला आठवां आरोपित है। पुलिस ने उसे लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच के आधार पर पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में इससे पहले भी कई आरोपितों को



गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस टीम ने इमरान उर्फ बंटी को भी दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इस बीच प्रशासन ने भी सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने इस मामले में एक आरोपित निजामुद्दीन से जुड़ी संपत्ति पर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई अवैध निर्माण के खिलाफ की गई है। पुलिस के मुताबिक, यह पूरा विवाद होली के दिन पानी से भरे गुब्बारे फेंकने को लेकर शुरू हुआ था, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गया। 4 मार्च की रात करीब 11 बजे उत्तम नगर थाना पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी कि दो पड़ोसी परिवारों के बीच झगड़ा हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों पक्षों के लोग सड़क पर उतर आए थे और मारपीट शुरू हो चुकी थी। इस झड़प में एक पक्ष के तीन और दूसरे पक्ष के पांच लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में शामिल 26 वर्षीय तरुण की हालत गंभीर थी। अगले दिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तरुण की मौत के बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ते हुए जांच तेज कर दी। पुलिस ने अब तक इस मामले में सात वयस्क और एक नाबालिग समेत कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपितों की भूमिका की भी जांच कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों परिवार पिछले करीब 50 वर्षों से एक-दूसरे को जानते थे। पार्किंग और कूड़ा फेंकने जैसे छोटे-छोटे मुद्दों को लेकर उनके बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। पुलिस का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व इस घटना को अलग रंग देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इलाके में कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार क्षेत्र में निगरानी बनाए हुए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# युद्ध और आर्थिक उथल पुथल

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाये रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिये बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास हुए हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिये एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिर तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिये वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिये भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाये रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं।

# अंधविश्वास पर विश्वास

*कुछ कमांडरों पर आरोप है कि वे ईरान के साथ संभावित युद्ध को ईश्वर की दिव्य योजना बता रहे हैं। यीशु की वापसी का विश्वास है। युद्ध को यीशु की वापसी मार्ग भी कहा जा रहा है। शिकायत करने वालों में केवल नास्तिक ही नहीं बल्कि ईसाई, मुस्लिम और यहूदी सैनिक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी सैनिक एकता और संविधान की शपथ दोनों का उल्लंघन करती है। अमेरिका में सैनिक अनुशासन के स्पष्ट नियम हैं। अमेरिकी सेना में धर्म प्रचार की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अंधविश्वास से जुड़ी शिकायतें बढ़ रही हैं। सेना की चिंता है कि कुछ कमांडर मजहबी संदर्भों का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे युद्ध को पवित्र और अनिवार्य सिद्ध करने के लिए धार्मिक ग्रंथों का सहारा ले रहे हैं। लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबिल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्ज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारम्भ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो।*

-हृदयनारायण दीक्षित

अमेरिका सारी दुनिया को .पंथनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाता रहता है लेकिन ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल संघर्ष के संदर्भ में एक विचित्र प्रवृत्ति सामने आ रही है। इस युद्ध को कुछ लोग सीधे धार्मिक भविष्यवाणियों और अंधविश्वास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार जोनाथन लार्सन द्वारा अमेरिकी सेना के भीतर मजहबी कट्टरवाद और सैनिक अधिकारियों द्वारा बाइबिल की भविष्यवाणियों के प्रयोग का प्रश्न उठाया गया है। मिलिट्री रिलिजियस फ्रीडम फाउंडेशन को ऐसी 110 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतें 30 से ज्यादा सैनिक ठिकानों और 40 इकाइयों से जुड़ी हैं।

कुछ कमांडरों पर आरोप है कि वे ईरान के साथ संभावित युद्ध को ईश्वर की दिव्य योजना बता रहे हैं। यीशु की वापसी का विश्वास है। युद्ध को यीशु की वापसी मार्ग भी कहा जा रहा है। शिकायत करने वालों में केवल नास्तिक ही नहीं बल्कि ईसाई, मुस्लिम और यहूदी सैनिक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी सैनिक एकता और संविधान की शपथ दोनों का उल्लंघन करती है। अमेरिका में सैनिक अनुशासन के स्पष्ट नियम हैं। अमेरिकी सेना में धर्म प्रचार की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अंधविश्वास से जुड़ी शिकायतें बढ़ रही हैं। सेना की चिंता है कि कुछ कमांडर मजहबी संदर्भों का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे युद्ध को पवित्र और अनिवार्य सिद्ध करने के लिए धार्मिक ग्रंथों का सहारा ले रहे हैं।

लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबिल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्ज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारम्भ हो



और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया। एक एनसीओ ने लिखा है कि कमांडर को नेताओं ने सैनिकों तक यह संदेश पहुँचाने के लिए कहा कि यह युद्ध ईश्वर की दिव्य योजना का हिस्सा है। उन्होंने बाइबिल के 'बुक ऑफ रेवलेशन' का संदर्भ देते हुए आर्मगेडन और यीशु की वापसी से जुड़े प्रसंग दोहराए हैं।

युद्ध प्रत्यक्ष मानवीय कार्यवाही है। परिस्थितियों के कारण ही युद्ध जैसे कर्म संभव होते हैं। भू-सामरिक कारण युद्ध को बढ़ाते या घटाते हैं। युद्ध में ईश्वर को घसीटना उचित नहीं है। युद्ध और बर्बरता ईश्वर की योजना का परिणाम नहीं होते। शिकायत करने वाले एनसीओ ने ठीक चेतावनी दी है कि ऐसे अंधविश्वासी वक्तव्य उचित नहीं होते। ऐसे वक्तव्य साहस और एकजुटता को नष्ट करते हैं। संविधान की रक्षा की शपथ का उल्लंघन भी करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना में मजहबी कट्टरवाद और बाइबिल की भविष्यवाणियों के प्रयोग पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। बाइबिल में अंत समय और आर्मगेडन की भविष्यवाणियों का उल्लेख है। आर्मगेडन शब्द बाइबिल की 'बुक ऑफ रेवलेशन' में आया है। यह धारणा अच्छाई और बुराई के बीच होने वाले अंतिम युद्ध से जुड़ी है। अनेक ईसाई मानते हैं कि आर्मगेडन का युद्ध ईसा मसीह की पृथ्वी पर दूसरी वापसी का संकेत होगा, जब वे बुराई को पराजित कर शांति स्थापित करेंगे। कुछ व्याख्याओं में वर्तमान युद्ध और अशांति को भी ईश्वर की योजना का हिस्सा माना जाता है, ताकि भविष्यवाणी पूरी हो सके। सैनिकों की चिंता यह है कि कुछ कमांडर इन धार्मिक संदर्भों का उपयोग युद्ध को पवित्र या अनिवार्य सिद्ध करने के लिए कर रहे हैं। यह सैन्य अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। इतिहास में तथ्य है कि जब-जब युद्ध को धर्म का आवरण मिला है, तब-तब उसका स्वरूप अधिक क्रूर और बर्बर हुआ है। मध्यकालीन यूरोप के धर्मयुद्ध इसका उदाहरण हैं। धर्म के नाम पर लड़े गए युद्धों में लाखों लोग मारे गए, नगर उजड़ गए। सभ्यताओं को भी गहरी चोट पहुंची। युद्ध की ज्वाला जब धार्मिक आवेश से जुड़ जाती है तो विवेक का स्थान उन्माद ले लेता है। आधुनिक राष्ट्र-राज्य की अवधारणा इसी अनुभव से विकसित हुई। आधुनिक लोकतंत्रों ने राज्य और धर्म को अलग रखने की व्यवस्था बनाई कि युद्ध जैसे निर्णय राष्ट्रीय हित के आधार पर लिए जाने चाहिए। अंधविश्वास के आधार पर लिए गए निर्णय उचित नहीं होते। अमेरिका स्वयं को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों का अग्रदूत मानता है। उसकी सेना संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेती है, किसी धर्मग्रंथ के प्रति नहीं। इसलिए अमेरिकी सेना में धार्मिक प्रचार या कट्टरता को लेकर उठ रही शिकायतें चिंताजनक हैं।

पश्चिम एशिया की राजनीति में प्रयुक्त भाषा पर भी विचार आवश्यक है। हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक टिप्पणी आई कि "यहूदियों ने बहुत बड़ी गलती कर दी।" यह कथन भी मजहबी है। यह गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। किसी राज्य की नीति या कार्रवाई की आलोचना एक बात है लेकिन उसे किसी पूरे धार्मिक समुदाय से जोड़ देना दूसरी बात है। उचित यह होता कि कथन इस प्रकार होता कि "इजराइल ने बहुत बड़ी गलती कर दी।" अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भाषा का संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी राष्ट्र की नीति की आलोचना और किसी धार्मिक समुदाय के प्रति आरोप में स्पष्ट भेद होते हैं।

युद्ध का निर्णय अत्यंत गंभीर राजनीतिक और सामरिक निर्णय होता है। इसके पीछे कूटनीति, रणनीति, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय समीकरण जैसे अनेक तत्व महत्वपूर्ण होते हैं। धार्मिक भविष्यवाणियों को निर्णायक मानने से विवेकपूर्ण निर्णय प्रक्रिया विकृत हो जाती है। सैनिकों का मनोबल भी प्रभावित होता है। सैनिक किसी धर्मयुद्ध के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र की रक्षा के लिए लड़ते हैं।

आधुनिक विश्व पहले ही अनेक मजहबी पंथिक संघर्षों से जूझ रहा है। पश्चिम एशिया इसका बड़ा उदाहरण है। यदि महाशक्तियों की सेनाओं में भी धार्मिक कट्टरता का प्रभाव बढ़ने लगे तो अंतरराष्ट्रीय शांति और अधिक संकट में पड़ सकती है। इसलिए अमेरिकी समाज और सेना के भीतर उठ रहे ये प्रश्न केवल आंतरिक अनुशासन का मामला नहीं हैं बल्कि वैश्विक चिंता का विषय भी हैं। युद्ध के समय संयम और विवेक की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सैनिक नेतृत्व का दायित्व है कि वह अपने अधीनस्थों को एकजुट रखे, उनके भीतर पेशेवर अनुशासन और राष्ट्र निष्ठा की भावना मजबूत करे। नेतृत्व को पंथिक व्याख्याओं से युद्ध को पवित्र बताने से बचना चाहिए। यह सैन्य व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है। युद्ध मानवीय विफलता का प्रतीक है। किसी दिव्य योजना का परिणाम नहीं। सह अस्तित्व और संवाद ही स्थायी समाधान के मार्ग हैं। युद्ध को ईश्वर की योजना बताने से हिंसा के लिए एक नया नैतिक औचित्य तैयार होगा। यह मानवता के लिए घातक है। युद्ध और पंथिक विश्वास के बीच स्पष्ट दूरी आवश्यक है। सैन्य संस्थाओं को अपने मूल पंथनिरपेक्ष अनुशासन को कठोरता से लागू करना चाहिए। पंथिक अंधविश्वास विवेकपूर्ण नहीं होते।

# नारी सम्मान के पीछे छिपा दिखावे का कारोबार

– डॉ. प्रियंका सौरभ

समाज में सम्मान का अर्थ कभी बहुत गहरा हुआ करता था। किसी को सम्मानित करना केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उसके संघर्ष, श्रम और योगदान को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने का एक नैतिक दायित्व माना जाता था। सम्मान का अर्थ था समाज की ओर से यह स्वीकार करना कि किसी व्यक्ति ने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक अजीब प्रवृत्ति तेजी से उभरी है—"नारी सम्मान" के नाम पर पुरस्कारों का बाज़ार।

आज ऐसा लगता है मानो हर संस्था, हर मंच और हर संगठन "नारी शक्ति सम्मान", "वुमन आइकन अवॉर्ड", "वुमन लीडरशिप अवॉर्ड", "ग्लोबल वुमन एक्सीलेंस अवॉर्ड" जैसे भव्य नामों से पुरस्कार बाँटने की होड़ में लगा है। सोशल मीडिया खोलिए तो हर दूसरे दिन किसी न किसी महिला को "अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान" या "राष्ट्रीय महिला रत्न" से सम्मानित किए जाने की तस्वीरें दिखाई देती हैं। मंच पर मुस्कुराते चेहरे, हाथों में चमकती ट्रॉफियाँ, और पीछे बड़े-बड़े बैनर—सब कुछ देखने में बेहद आकर्षक लगता है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे कई ऐसे सवाल छिपे हैं जिन्हें अक्सर पूछने से बचा लिया जाता है। सवाल यह नहीं कि महिलाओं को सम्मान क्यों दिया जा रहा है; सवाल यह है कि क्या ये सम्मान सचमुच सम्मान हैं, या केवल दिखावे और प्रचार का साधन बनते जा रहे हैं? दरअसल आज "नारी सशक्तिकरण" एक ऐसा शब्द बन गया है जिसका प्रयोग जितना ज्यादा होता है, उसका वास्तविक अर्थ उतना ही कमजोर होता जाता है। मंचों पर बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, भाषणों में महिलाओं की शक्ति और क्षमता का गुणगान किया जाता है, लंबी-लंबी सूची में पुरस्कार बाँटे जाते हैं, फोटो खिंचते हैं, सोशल मीडिया पोस्ट बनते हैं और अगले दिन सब कुछ सामान्य हो जाता है। इस पूरे क्रम में अक्सर वह महिला गायब रहती है जिसके जीवन में सशक्तिकरण की सबसे ज्यादा जरूरत है।

भारतीय समाज में सम्मान का अर्थ केवल ट्रॉफी या प्रमाणपत्र नहीं था। किसी को सम्मानित करना उस व्यक्ति के सामाजिक योगदान को स्वीकार करना था। यह एक तरह से समाज की ओर से कहा गया धन्यवाद होता था—कि आपने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया। लेकिन जब सम्मान का उद्देश्य बदलकर प्रचार, नेटवर्किंग और व्यक्तिगत ब्रांडिंग बन जाए, तो उसका मूल्य भी धीरे-धीरे कम हो जाता है। आज कई पुरस्कार समारोह ऐसे होते हैं जिनमें वास्तविक चयन प्रक्रिया अस्पष्ट होती है। कई बार प्रतिभागियों को स्वयं नामांकन करना पड़ता है, कुछ जगहों पर नामांकन के साथ शुल्क भी लिया जाता है, और अंत में एक भव्य समारोह में लगभग सभी को सम्मानित कर दिया जाता है। ऐसे आयोजनों में सम्मान की गरिमा से ज्यादा महत्व मंच की सजावट, कैमरों की फ्लैश और सोशल मीडिया पोस्ट को दिया जाता है। सोशल मीडिया के दौर ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। आज सम्मान केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि डिजिटल पहचान का हिस्सा बन गया है। किसी को भी कोई पुरस्कार मिलते ही उसकी तस्वीरें फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर साझा की जाती हैं। कैप्शन में लिखा जाता है—"मुझे अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान प्राप्त हुआ।" इन पोस्टों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो सम्मान प्राप्त करना ही सशक्तिकरण का अंतिम लक्ष्य हो। धीरे-धीरे यह स्थिति बन जाती है कि सम्मान पाने की होड़ असली काम से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि संस्थागत स्तर पर भी दिखाई देती है। कई संगठन सम्मान समारोहों को अपने प्रचार का साधन बना लेते हैं। वे बड़ी-बड़ी उपाधियाँ देते हैं, मंच पर भव्य आयोजन करते हैं और फिर उस कार्यक्रम का उपयोग अपने संगठन की पहचान बढ़ाने के लिए करते हैं। कभी-कभी तो यह स्थिति भी देखने को मिलती है कि एक ही व्यक्ति कुछ महीनों के भीतर कई अलग-अलग संस्थाओं से सम्मानित हो जाता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर इतने पुरस्कार दिए जा रहे हैं तो क्या वास्तव में समाज की मेहनती और संघर्षशील महिलाएँ सामने आ रही हैं? ग्रामीण भारत में लाखों महिलाएँ हैं जो अपने परिवार, समाज और समुदाय के लिए अद्भुत काम कर रही हैं। वे स्वयं सहायता समूह चला रही हैं, गाँवों में शिक्षा का प्रचार कर रही हैं, पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रही हैं, या घरेलू हिंसा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं। कई महिलाएँ सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए अथक मेहनत कर रही हैं। कई महिलाएँ समाज की बंदिशों को तोड़कर अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं। लेकिन इन महिलाओं के पास न तो बड़े मंचों तक पहुँच होती है और न ही प्रचार का साधन। इसलिए उनका काम अक्सर गुमनाम रह जाता है। वे सम्मान की सूची में शायद ही कभी दिखाई देती हैं। इसके विपरीत, कुछ लोग बार-बार सम्मानित होते रहते हैं। कभी किसी संस्था से "महिला शक्ति सम्मान", कभी किसी संगठन से "महिला प्रेरणा अवॉर्ड", तो कभी किसी मंच से "राष्ट्रीय महिला रत्न"। यह स्थिति सम्मान की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा देती है।

आज यह कहना गलत नहीं होगा कि कुछ जगहों पर "अवार्ड इंडस्ट्री" विकसित हो चुकी है। इस उद्योग का एक तय ढाँचा होता है। पहले एक आकर्षक नाम से पुरस्कार की घोषणा की जाती है। फिर नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके बाद चयन समिति का गठन होता है, जिसकी प्रक्रिया अक्सर पारदर्शी नहीं होती। अंत में किसी बड़े होटल या सभागार में समारोह आयोजित किया जाता है, जहाँ दर्जनों लोगों को सम्मानित किया जाता है। कई बार इन आयोजनों में वास्तविक उपलब्धियों से ज्यादा महत्व संपर्क, पहचान और भुगतान को मिल जाता है। कुछ जगहों पर नामांकन या पंजीकरण शुल्क भी लिया जाता है। जब सम्मान भी एक उत्पाद की तरह बिकने लगे, तो उसकी नैतिकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

महिलाओं का सशक्तिकरण केवल पुरस्कारों से नहीं होगा। असली सशक्तिकरण तब होगा जब समाज महिलाओं को समान अवसर देगा। आज भी भारत में लाखों लड़कियाँ शिक्षा से वंचित हैं। कई महिलाएँ आर्थिक रूप से निर्भर हैं। घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव और सामाजिक दबाव जैसी समस्याएँ आज भी मौजूद हैं। अगर इन समस्याओं को दूर किए बिना केवल सम्मान बाँटे जाते रहेंगे, तो यह सशक्तिकरण का समाधान नहीं, बल्कि समस्या का सौंदर्यीकरण होगा। सम्मान तब सार्थक होता है जब वह संघर्ष की पहचान बने, न कि केवल मंच की सजावट। अगर सम्मान प्रेरणा बनता है, तो वह समाज को आगे बढ़ाता है। लेकिन अगर वह केवल प्रतिष्ठा और प्रचार का साधन बन जाए, तो वह धीरे-धीरे अपना अर्थ खो देता है। यह जिम्मेदारी केवल संस्थाओं की नहीं, बल्कि समाज की भी है। हमें यह समझना होगा कि सम्मान का मूल्य तभी है जब वह ईमानदारी और पारदर्शिता से दिया जाए।

# अध्यात्म से बदलें जनभावना

आध्यात्मिकता विकास की चर्चा आम तौर पर ऐसे व्यक्तिगत प्रयास के रूप में होती है जिसमें ऐंद्रिक सुखों को संयमित कर तरह-तरह की विसंगतियों व आपाधापी से अपने को बचाते हुए गहरा संतोष प्राप्त किया जा सके। निश्चय ही आध्यात्मिक विकास बहुत सार्थक प्रयास है जो किसी भी व्यक्ति को तरह-तरह की बुराइयों से बचाता है, संतोष और शान्ति की ओर ले जाता है। इस तरह का आध्यात्मिक विकास तब तक अधूरा है जब तक इसे पूरे समाज की, पूरी दुनिया कि भलाई से न जोड़ा जाए। स्वयं संतुष्ट होकर बैठ जाए और आसपास की समस्याओं से आंखें मूंद लें, तो इससे दुनिया का दुःख-दर्द तो कम नहीं होगा। अतः सही स्थिति वह मानी जायेगी जिसमें कोई व्यक्ति अपने आध्यात्मिक विकास को शेष दुनिया की भलाई सेजोड़कर आगे बढ़ता है। इस स्थिति में आध्यात्मिक विकास से मनुष्य की जो क्षमताएं बढ़ती हैं, उनका सार्थक उपयोग दुनिया का दुःख-दर्द कम करने में होता है। अतः आध्यात्मिक विकास की सही व व्यापक परिभाषा यह है कि एंद्रिक सुखों को संयमित करते हुए विभिन्न क्षमताओं का विकास कर उनका सदुपयोग दुनिया के दुःख-दर्द कम करने के लिए बेहतर से बेहतर ढंग से किया जाये। आध्यात्मिकता की ऐसी सोच जो सभी घर्मों का मान्य हो सके विश्व स्तर पर अक ऐसा आध्यात्मिक मंच बनाने में बहुत मददगार हो सकती है जिसमें सभी धर्मों के लोग अपनी ऐसी सोच रख सकें जो आज की जरूरतों के अनुकूल हो, न्याय में प्रेम से व बिना भेदभाव के रहने के सिध्दांत के अनुकूल हो। इस मंच से व इसकी जगह-जगह फैली शाखाओं से विभिन्न धर्मों की ऐसी उदार सहिष्णु व कल्याणकारी व्याख्याओं का प्रचार हो सकेगा। इस तरह विभिन्न धर्मों की कट्टरवादी हिंसक सोच पर लगाम लग सकेगी व उदारवादी, सुधारवादी, कल्याणकारी, सहिष्णु सोच को अधिक प्रचार-प्रसार का अवसर मिल सकेगा। जब अधिक लोगों को विशेषकर युवाओं को धर्म का ऐसी उदारवादी व सुधारवादी व्याख्या सुनने व समझने का अवसर मिलेगा जो आज की आवश्यकताओं व बहुपक्षीय प्रगति के अनुकूल है, तो पूरी संभावना है कि वे धर्म के इस रूप को ही अपनाना पसन्द करेंगे। इस तरह विश्व में विभिन्न धर्मों के कट्टरवादी, संकीर्ण व हिंसक रूप के प्रसार का जो खतरा बन रहा है उसे रोकने में बहुत मदद मिलेगी।

## आज का इतिहास

1822 - न्यूयॉर्क के चार्ल्स ग्राहम द्वारा पहली बार नकली दांतों का पेटेंट।

1948 - एयर इंडिया इंटरनेशनल की स्थापना।

1959 - दुनियाभर में बच्चियों की पसंदीदा बार्बी डॉल को न्यूयार्क में अमेरिकन टॉय फेयर में पहली बार पेश किया गया।

1973 - उत्तरी आयरलैंड की जनता ने देश में हुए एक जनमत संग्रह में ब्रिटेन के साथ रहने के पक्ष में वोट डाला था। लगभग 57 प्रतिशत मतदाताओं ने ब्रिटेन के साथ रहने का समर्थन किया।

1986 - सैटेलाइट आधारित पहला टेलिफोन संपर्क नेटवर्क औपचारिक रूप से शुरू किया गया।

1999 - ब्रिटिश उद्योगपति स्वराज पाल को सेंट्रल बर्मिंघम विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गयी, फ्रांसिस्को फ़्लोरेस अल सल्वाडोर (द. अमेरिका) के राष्ट्रपति चुने गये।

2003 - पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अलवर्टो फूजीमोरी के खिलाफ इंटरपोल ने गिरफ्तारी का वारंट जारी किया।

2004 - पाकिस्तान ने 2000 किमी. की मारक क्षमता वाले सतह तक मार करने वाले 'शाहीन-2' (हत्फ-6) प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।

2005 - थाक्सिन शिनवात्रा दूसरे कार्यकाल के लिए थाइलैंड के प्रधानमंत्री चुने गये।

2007 - ब्रिटेन में भारतीय डॉक्टरों को भेदभाव वाले प्रवासी नियमों पर क़ानूनी कामयाबी मिली।

2008 - गोवा के राज्यपाल एस.सी.जमीर ने महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया।

2008 - मलेशिया में हुए संसदीय चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री अब्दुल्ला अहमद बदावी पराजित हुए।

2009 - तमिलनाडु ने पश्चिम बंगाल को 66 रनों से पराजित कर विजय हरारे ट्राफी जीती।

2018 - बिप्लब कुमार देब ने भारतीय राज्य त्रिपुरा के दसवें मुख्यमन्त्री के रूप में शपथ ली।

# कहां से पैदा हो रही है यह खूनी नफरत की मानसिकता

मनोज कुमार अग्रवाल

यह कौन सा असहिष्णुता अराजकता और वहशियत भरी सोच का नतीजा है जो रंग की दो छींट पड़ जाने पर उस होनहार नवयुवक के खून से होली खेलते हैं जिसका कोई कुसूर भी नही था जिसने कोई रंग भी नही डाला था जो दिन में घटित छोटी सी नोंकझोंक से अनजान था और होली की शाम अपने घर लौट रहा था लेकिन नफरती पडोसियों ने उस का निरीह कत्ल कर दिया। आपको बता दें कि जब 4 मार्च पूरा देश होली के रंगों में डूबा हुआ था, वहीं भारत की राजधानी दिल्ली खूनी होली में डूबी हुई थी। दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में होली के मौके पर हुए एक छोटे से झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के मुताबिक, होली के दौरान 10 साल के बच्चे के गुब्बारा फेंकने को लेकर दो समुदाय में बहस हो गई। देखते ही देखते यह झगड़ा हिंसा तक पहुंच गया और मुस्लिम समुदाय के 10 से 15 लोगों ने एक हिंदू घर को निशाना बनाया और उनके बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी।

आपको बता दें कि उत्तम नगर में बुधवार की रात होली खेल रही 11 साल की बच्ची को नहीं मालूम था कि वह अपने परिवार के सदस्य पर जो पानी का गुब्बारा फेंक रही है, उसके छींटे किसी को इतने नागवार गुजरेंगे कि वह इलाके में सांप्रदायिक तनाव का कारण बन जाएंगे। उसे नहीं पता था कि वह गुब्बारा उसके परिवार के लिए तेजाब की तरह साबित होगा, जिसकी चपेट में उसका पूरा परिवार आ जाएगा। उसे यह भी नहीं मालूम था कि उस गुब्बारे से निकले पानी की वजह से परिवार ना केवल एक अनचाहे विवाद में पड़ जाएगा, बल्कि उसके परिवार के 26 साल के युवक तरुण की जान भी चली जाएगी। हम बात कर रहे हैं, शहर के उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में होली की रात हुए एक ऐसे विवाद की, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।विवाद की शुरुआत एक महिला पर रंग वाले पानी के छींटे लगने से हुई। उस लड़की ने अपने घर के नीचे खड़े अपने रिश्तेदारों पर एक पानी का गुब्बारा फेंका था, जो सड़क पर जा गिरा और फट गया, जिसके बाद रंगीन पानी के कुछ छींटे पड़ोस में रहने वाले दूसरे समुदाय की एक महिला को जा लगे। जिसके बाद हुए विवाद में हिंदू परिवार के युवक की जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया। जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही व्याप्त तनाव को देखते हुए पुलिस कोई कोताही नहीं बरत रही है और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात करते हुए इलाके में कड़ी सुरक्षा की गई है।दरअसल गुब्बारे में भरे पानी के छींटे लगने के बाद पड़ोस में रहने वाली वह महिला ना केवल भड़क गई, बल्कि उसने गंदी-गंदी गालियां देकर विवाद करना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसने अपने परिजनों व अपने समुदाय के अन्य लोगों को बुला लिया और होली खेल रहे परिवार पर हमला किया। इस दौरान आरोपियों ने वहां मारपीट करते हुए जमकर तोड़फोड़ भी की। पीड़ित परिवार ने जैसे-तैसे अपने आप को घर के अंदर बंद करते हुए उनसे बचाया। इस झगड़े के दौरान परिवार का सदस्य तरुण अपने दोस्त के घर गया हुआ था और वो इस झगड़े से बेखबर था।

होली खेलने निकला तरुण रात करीब 10.30 बजे अपने दोस्त के घर से वापस लौट रहा था, इसी दौरान रास्ते में करीब 8 से 10 आरोपियों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने लाठी, पत्थर और लोहे की रॉड से तरुण को बेरहमी से पीटा। जब वह बेसुध हो गया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों को झगड़े का पता चला तो वह मौके पर पहुंचे और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही उत्तम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

तरुण की मौत की खबर जैसे ही पता चली तो उसके दोस्त, परिचित और इलाके में रहने वाले अन्य लोग बुरी तरह भड़क गए और उन्होंने आरोपियों के घर के बाहर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसी दौरान शुक्रवार को भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच कुछ लोगों ने एक कार और एक मोटरसाइकिल को आग लगा दी। जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया, जिन्होंने आग पर तुरंत काबू पा लिया। इसी बीच कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर आरोपी परिवार के घर पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने हस्तक्षेप करते हुए स्थिति और बिगड़ने से पहले भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

उधर बेटे तरुण की मौत के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवार की एक महिला ने न्याय की मांग करते हुए कहा कि घटना के सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। वहीं परिवार के कुछ सदस्यों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर सड़कों को जाम करने की चेतावनी भी दे दी। मामला तब और गंभीर होने लगा जब मामले में हिंदूवादी संगठन के सदस्यों की भी एंट्री हो गई। एक हिंदू राजनीतिक संगठन के सदस्य भी थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए, नारे लगाए और घटना में शामिल सभी लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।हालांकि शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि इस वारदात के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है, जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने कहा कि इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए।

हाल ही में ऐसे कई वारदातों की झड़ी लगी है जिसमें हिन्दू युवकों किशोरों व्यापारियों को मजहबी नफरती हत्यारों ने कत्ल कर अपनी बर्बरता का हवाला दिया है। अभी बीस दिन पहले ईस्ट दिल्ली के मयूर विहार के आगे त्रिलोकपुरी में 42 साल के वीर सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई जानकारी के मुताबिक, यासीन और यामीन नाम के शख्स ने वीर सिंह की ही दुकान में चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। गोकुलपुरी में हिमांशु सीलमपुर में नाबालिग कुणाल हरिनगर में हरीश का भी इसी तरह मुसलिम हत्यारों ने कत्ल किया है। एक के बाद एक दिल्ली में घटित हो रही ये वारदात सामान्य अपराध नहीं है इन सब के पीछे कुछ नफरती लोगों द्वारा मजहब के नाम पर वहाटसएप और मजहबी तकरीरों के जरिए पैदा किया जा रहा नफरती जहर काम कर रहा है। हाल की वारदात का दक्षिणी दिल्ली का यह इलाका पाकिस्तान या बांग्लादेश का नही है लेकिन दो अलग अलग धर्म मजहब के परिवार के बीच इस तरह का खूनी संघर्ष समाज में बढ़ती असहिष्णुता और वहशियत भरी बर्बरता को उजागर करता है आखिर ये कौन सी मानसिकता है जो लोगों के बीच नफरत बो रही है? क्या पानी या रंग की दो बूंद पड़ जाने से किसी का मजहब अपमानित हो सकता है? क्या जाने अनजाने में ऐसा कोई बर्ताव किसी का कत्ल करने की सोच पैदा कर सकता है? क्या यह एक दर गुजर करने लायक बात नही थी? क्या ऐसे खून खराबा करने वाले लोगों में कानून का तनिक भी खौफ है?नयी दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के नियंत्रण में है सरकार गृहमंत्रालय को इन तमाम वारदातों का उच्च स्तरीय न्यायिक जांच समिति से विश्लेषण समीक्षा जांच करानी चाहिए ताकि नफरत का जहर बो रहे असामाजिक असहिष्णु कट्टरपंथी तत्वों को पहचान कर समुचित कार्यवाही की जाए और समाज को नफरती हिंसा से बचाया जा सके।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आदित्य वशिष्ठ द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस, बी-42 सेक्टर-7 नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) उत्तर प्रदेश-201301 से मुद्रित व बी-142/2, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065 से प्रकाशित।
संपादकीय एवं संपर्क कार्यालय ए-152 सेक्टर-63, नोएडा-201301 संपादक - आदित्य वशिष्ठ कानूनी सलाहकार-पवित्र मोहन शर्मा आर.एन.आई. DELHIN/2012/42452
इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी होंगे। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन होंगे। e-mail: Jbttimes2021@ gmail. Com

# सीएम डॉ. यादव ने रंग पंचमी पर उज्जैन में खेली फूलों की होली

## आम जन पर की फूलों की वर्षा, ये देश है वीर जवानों का... गाना गाया







**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को रंगपंचमी के पावन अवसर पर उज्जैन के टॉवर चौक पर आमजन के साथ फूलों की होली खेली। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंधी कॉलोनी से निकाली गई गेर (चल समारोह) में शामिल हुए। आमजन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने बीच पाकर हर्षोल्लास से रंग पंचमी मनाई और मुख्यमंत्री डॉ यादव का अभिवादन किया। टॉवर चौक पर एक मंच बनाया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पर गुलाब के फूल बरसाकर होली खेली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ये फूल हमें याद दिलाते हैं कि जीवन में रंग भले कितने भी हों, असली रंग तो दिल के रंग होते हैं-जो एक-दूसरे के लिए सम्मान, भाईचारा और देशभक्ति से भरे हों। रंग पंचमी पर हमारे जीवन में आत्मीयता बढ़े, प्रेम और स्नेह बढ़े यही ईश्वर से प्रार्थना है। इसके बाद मुख्यमंत्री और आम जनता ने मिलकर 'ये देश है वीर जवानों का, अलबेलों का मस्तानों का' गाया तो लगा जैसे पूरा उज्जैन, पूरा मध्य प्रदेश, पूरा भारत एक सुर में गूंज रहा है। ये गाना उन वीर जवानों के लिए समर्पित था जो सीमा पर खड़े होकर हमें ये रंग खेलने की आजादी देते हैं। आज टॉवर चौक पर रंग पंचमी पर हजारों लोग एक साथ नाच रहे, गा रहे थे, जिसमें मालवी परंपरा की सोंधी खुशबू भी थी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम मोहन माझी ने दी बधाई



**भुवनेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, ओडिसा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने पूरे राज्य की महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी, उन्हें समाज की असली शक्ति के रूप में सराहा। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की ताकत ही समाज की प्रगति की असली नींव है। उन्होंने अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि महिलाओं का समग्र विकास और सशक्तिकरण हमेशा प्राथमिकता का विषय रहेगा। मुख्यमंत्री ने कई प्रमुख योजनाओं का जिक्र किया। 'सुभद्रा योजना' महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान कर रही है, जबकि 'लखपति दीदी' अभियान उन्हें उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर रहा है। इस योजना के तहत ओडिशा में कई दीदियों का लखपति बनने का सपना पूरा हुआ है। बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना' शिक्षा तक पहुँच में क्रांति लाने का काम कर रही है और 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने में सहायक है। मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य को 'ममता' और 'प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना' के माध्यम से निरंतर समर्थन प्राप्त है। मुख्यमंत्री ने 'सुभद्रा वेलनेस सेंटर' और 'सुभद्रा शक्ति संवाद' जैसी नवाचारी पहलों को भी उजागर किया, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ाने के लिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रयास महिलाओं के प्रति सम्मान, समान अवसर और हर क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित करने के लिए हैं।

## असम में विकास का लाभ कुछ खास लोगों तक सीमित: गौरव गोगोई



**गुवाहाटी।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष और सांसद गौरव गोगोई ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली सरकार में विकास का लाभ केवल कुछ खास लोगों को ही मिला है। गोगोई ने यह आरोप एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए लगाया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि राज्य में सिर्फ एक विशेष परिवार ही तरक्की कर पाया है और उस परिवार ने पूरे असम में करीब 12 हजार बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के लोग अपनी बात खुलकर कहने से डरते हैं। कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि गांवों में शराब की दुकानों की संख्या बढ़ रही है, जबकि दूसरी ओर सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि असम की जनता अब बदलाव चाहती है और मुख्यमंत्री को पद से हटाना चाहती है। उनके मुताबिक मुख्यमंत्री ने कई बार मुख्यमंत्री कार्यालय की गरिमा को कम किया है। गोगोई ने दावा किया कि कांग्रेस के 'समोय पोरिबोर्तोनोर' (बदलाव का समय) अभियान को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। हालांकि अभी विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उन्होंने संभावना जताई कि बोहाग बिहू से पहले चुनाव हो सकते हैं। गौरव गोगोई ने बताया कि उन्हें जोरहाट विधानसभा सीट से कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित किया गया है और अप्रैल में संभावित विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उन्होंने ऊपरी असम में अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर दी है। उम्मीदवार घोषित होने के बाद वे पहली बार शनिवार को जोरहाट पहुंचे। उन्होंने कहा कि पार्टी के पास लगभग 30 दिन का समय है, जो बेहद महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से हर दिन घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने और कांग्रेस की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया है। विपक्षी गठबंधन को लेकर गौरव गोगोई ने उम्मीद जताई कि विभिन्न दल मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि तीन पार्टियों के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया जा चुका है। आने वाले दिनों में सभी दल संयुक्त रूप से प्रचार अभियान चलाएंगे तथा पूरे असम में एक साथ जनसभाएं करेंगे। राइजर दल के साथ संभावित गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी उम्मीद खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि वह निराश नहीं हैं और उन्हें विश्वास है कि गठबंधन हो सकता है, भले ही इसमें थोड़ा समय लगे।

## रायपुर : जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा स्व. दिलीप सिंह जूदेव का जीवन : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व लोकसभा सांसद स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की जयंती के अवसर पर आज रविवार को राजधानी रायपुर के मुख्यमंत्री निवास परिसर में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के दीर्घ सामाजिक-राजनीतिक जीवन और समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदानों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव का संपूर्ण जीवन समाज सेवा, जनकल्याण और विशेष रूप से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर कार्य किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, जूदेव जी के विचार, उनके आदर्श और सेवा का भाव आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और प्रदेश के विकास के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, वनांचल क्षेत्रों में आदिवासी समाज की पहचान, स्वाभिमान और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने में स्वर्गीय जूदेव का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके प्रयासों से जनजातीय समाज में आत्मगौरव की भावना सशक्त हुई और समाज में सकारात्मक चेतना का संचार हुआ। इस अवसर पर विधायक गोमती साय, विधायक रायमुनि भगत, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## पंजाब में प्रत्येक परिवार को दस लाख तक का इलाज मुफ्त, दो हजार करोड़ बजट आवंटित

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार राज्य के प्रत्येक परिवार को दस लाख रुपये तक का हेल्थ इंश्योरेंस कवर प्रदान करेगी। इसके लिए बजट में दो हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने रविवार को बजट में मुख्यमंत्री सेहत योजना शुरू करने का ऐलान करते हुए कहा कि पंजाब का प्रत्येक परिवार 900 से अधिक सरकारी और सूचीबद्ध अस्पतालों में दस लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज करवा सकेगा। बजट भाषण में चीमा ने कहा कि इस योजना के दायरे में पंजाब के 65 लाख परिवार आएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आम आदमी क्लीनिक का तेजी प्रसार हो रहा है, जिसमें अब तक एक करोड़ 55 लाख लोग इलाज करवा चुके हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 100 नए आम आदमी क्लीनिक चालू किए जा रहे हैं। आगामी वित्त वर्ष के दौरान 143 नए क्लीनिक खोल जाएंगे। इसके अलावा 308 उप स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष के दौरान अस्पतालों के लिए 300 करोड़ रुपये की लागत से उपकरण खरीदे जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि आनंदपुर साहिब में एक ट्रामा सेंटर के साथ साथ मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल स्थापित किया जाएगा। वित्त मंत्री ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुल 6879 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने का ऐलान किया है।

### पंजाब में सामान्य महिलाओं को एक हजार व दलित महिलाओं को 1500 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा



**चंडीगढ़।** पंजाब की आम आदमी पार्टी ने अपने मौजूदा कार्यकाल के अंतिम बजट में प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रुपये मासिक भत्ता देने का ऐलान किया है। रविवार को पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए यह ऐलान किया। वित्त मंत्री ने आज कुल दो लाख 60 हजार 437 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में आगामी जीएसडीपी नौ लाख 80 हजार 635 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद जताई गई है। वित्त मंत्री ने महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री मावां-धीयां का सत्कार योजना का ऐलान करते हुए बताया कि राज्य की सभी व्यस्क महिलाओं के खाते में सीधे एक हजार रुपये डाले जाएंगे। इसके अलावा अनुसूचित जाति समुदाय की महिलाओं के लिए भगवंत मान सरकार उनके खातों में सीधे 1500 रुपये प्रतिमाह डालेगी। बजट में इस योजना के लिए 9300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला पंजीकरण के लिए पात्र होगी। स्थाई सरकारी कर्मचारी, मौजूदा व पूर्व सांसद, विधायक तथा आयकर दाता महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। जिन महिलाओं को पहले से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित महिला पेंशन या विकलांगता पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है, उन महिलाओं को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत पंजाब की 97 प्रतिशत महिलाओं को लाभ मिलेगा। यह आंकड़ा भारत के किसी भी राज्य के मुकाबले सबसे अधिक है। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने हरियाणा का नाम लिए बगैर कहा कि कई राज्यों ने ऐसी घोषणाएं करने का जुमला तो छोड़ दिया, लेकिन इसे महिलाओं के एक छोटे वर्ग तक सीमित कर दिया है।

## जम्मू में उल्लंघन के चलते छह स्पा, मसाज सेंटर किये बंद

**जम्मू।** नियामक मानदंडों का उल्लंघन करने और उनके मालिकों को नोटिस जारी करने के लिए छह स्पा और मसाज सेंटर बंद कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई ऐसे केंद्रों के कामकाज को विनियमित करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट जम्मू, राकेश मिन्हास द्वारा दिए गए व्यापक निरीक्षण अभियान के बाद हुई। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को दिन भर चले अभियान के दौरान, अतिरिक्त उपायुक्त अनसूया जामवाल और विधु शेखर की देखरेख में समर्पित निरीक्षण टीमों ने जिले भर में कई स्पा और मसाज केंद्रों का निरीक्षण किया, जिनमें से कुछ को आदेश के तहत निर्धारित निर्देशों का उल्लंघन पाया गया। जिन प्रतिष्ठानों को नोटिस भेजा गया है उनमें के क्रिस्टल स्पा, एवरग्रीन थाई थेरेपी सेंटर, टच ऑफ मैजिक, द बबल स्पा, गोल्डन थाई यूनिसेक्स स्पा और हेल्थ आयुर्वेद स्पा एंड सैलून शामिल हैं। निरीक्षण किए गए प्रतिष्ठानों में पाए गए उल्लंघनों में अनिवार्य उपक्रम की कमी, डिस्प्ले बोर्ड और साइट योजना की अनुपस्थिति शामिल है; अंतर-लिंगीय सेवाओं का प्रावधान; अधिकारियों ने कहा कि निजी केबिनों के अंदर दरवाजे के ताले की उपस्थिति, कर्मचारियों द्वारा पहचान पत्र का उत्पादन न करना, कर्मचारियों के वेतन का बेहिसाब भुगतान, ग्राहक रजिस्टरों का रखरखाव न करना और सीसीटीवी कैमरों की खराबी। उन्होंने कहा कि दोषी प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए हैं।

## एसएसपी ने जम्मू-कश्मीर के डोडा में राष्ट्र-विरोधी तत्वों से निपटने के लिए निगरानी बढ़ाने का दिया आदेश



**जम्मू।** एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शांति भंग करने के राष्ट्रविरोधी तत्वों के प्रयासों को विफल करने के लिए जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी डोडा जिले में गहन निगरानी का निर्देश दिया है जिसमें पर्यटक और धार्मिक स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), डोडा, संदीप मेहता एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे जिसमें जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पर्यवेक्षी अधिकारी, स्टेशन हाउस अधिकारी और पुलिस चौकियों के प्रभारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि एसएसपी ने अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्रों सहित कड़ी सतर्कता और सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को पर्यटक स्थलों, धार्मिक स्थानों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और चिन्हित हॉटस्पॉटों पर विशेष ध्यान देने के साथ निगरानी तेज करने के अलावा पैदल गश्त बढ़ाने और लंबी दूरी और छोटी दूरी की गश्त की तैनाती करने रणनीतिक स्थानों पर औचक जांच बिंदुओं की स्थापना करने और राष्ट्र-विरोधी और असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी व्यवधान को रोकने के लिए प्रभावी क्षेत्र प्रभुत्व के निर्देश दिए। एसएसपी ने लोगों के अनुकूल पुलिसिंग पर जोर दिया और अधिकारियों को सक्रिय क्षेत्र प्रभुत्व के माध्यम से और संदिग्ध सहयोगियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखकर आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र के अवशेषों का सफाया करने का निर्देश दिया। मेहता ने अधिकारियों को एनडीपीएस मामलों और गोजातीय तस्करी में शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और आदतन अपराधियों के खिलाफ संपत्ति कुर्की की कार्यवाही शुरू करने का भी निर्देश दिया।

## जम्मू-कश्मीर अब औसत दर्जे के लिए समझौता नहीं करता, बड़े सपने देखने की हिम्मत रखता है: उपराज्यपाल सिन्हा



**जम्मू।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर अब सामान्यता या सामान्यता के लिए समझौता नहीं करता है और यह बड़े सपने देखने का साहस करता है, पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में परिवर्तनकारी परिवर्तन देखे गए हैं जिससे व्यवस्था पारदर्शी हो गई है। एलजी सिन्हा ने सिधरा, जम्मू और एसीबी एपीकेएस शाखा, अवंतीपोरा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक्स पर लिखा ये दो इमारतें केवल स्टील, कांच और कंक्रीट की संरचनाएं नहीं हैं; वे सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त केंद्र शासित प्रदेश की एक साहसिक घोषणा के रूप में खड़ी हैं। आज, जम्मू-कश्मीर एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। पिछले 5-6 वर्षों में हमने परिवर्तनकारी बदलावों की शुरुआत की है सिस्टम को पारदर्शी बनाया है और इसे सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित किया है। पूरी मशीनरी अब कुछ चुनिंदा लोगों के लाभ के लिए नहीं बल्कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए काम करती है। जम्मू-कश्मीर अब सामान्यता या सामान्यता के लिए समझौता नहीं करता है। यह अब बड़े सपने देखने की हिम्मत करता है। हमारे लोगों के बीच, एक दृढ़ विश्वास ने जड़ें जमा ली हैं कि आगे एक सुनहरा भविष्य है। इस दृष्टिकोण को पूरा करना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी जिम्मेदारी है। मैंने एसीबी से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि प्रत्येक निर्णय, जांच और अभियोजन अदालतों की जांच के तहत मजबूती से खड़ा रहे और अन्याय को उजागर करने भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करने और लोगों का विश्वास अर्जित करने के लिए देश के संविधान द्वारा दिए गए अधिकार का उपयोग करना चाहिए। उपराज्यपाल सिन्हा ने लिखा।

## मैं ऐसे परिवार में पला-बढ़ा हूं, जहां महिलाएं ही प्रमुख रहीं: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल में केरल में छात्राओं से बातचीत के दौरान कहा कि वह एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े हैं जहां महिलाएं ही प्रमुख हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि महिलाएं आम तौर पर पुरुषों से अधिक बुद्धिमान होती हैं। राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने यूट्यूब चैनल पर छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो रविवार को पोस्ट किया और बताया कि कुछ दिन पहले केरल में दोपहर के भोजन के दौरान उनकी कुछ छात्राओं से मुलाकात हुई और उनसे बहुत ही रोचक बातचीत हुई।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, "मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं, तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं।" राहुल ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, "हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है।

महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं।" उन्होंने कहा, "इसलिए, उन्हें समाज के प्रतिबंधात्मक मानदंडों से बंधे रहने के बजाय अपनी पहचान, व्यक्तित्व और आकांक्षाओं के अनुसार आगे बढ़ने का पूरा अधिकार होना चाहिए।" राहुल ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी शक्ति, साहस और सपने समाज को एक सकारात्मक भविष्य की ओर आगे बढ़ाते रहें।" उन्होंने कहा कि केरल की कुछ छात्राओं से बातचीत बेहद प्रेरणादायक रही। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, "उनका (छात्राओं का) आत्मविश्वास और अपने सपनों पर विश्वास यह दर्शाता है कि महिलाएं ही बदलाव की असली ताकत हैं।" राहुल वीडियो में छात्राओं के साथ बेबाक बातचीत करते नजर आ रहे हैं। राहुल ने छात्राओं से कहा, "मैं ऐसे परिवार में पला-बढ़ा हूं जहां महिलाएं ही घर की प्रमुख थीं। मेरे परिवार की मुखिया मेरी दादी थीं और मेरे परिवार में, जैसे इस मेज की तरह हमेशा महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही है।" उन्होंने कहा, "महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से ज्यादा बुद्धिमान होती हैं। पुरुष जल्दबाजी में रहते हैं और छोटी-छोटी बातों में उलझ जाते हैं। महिलाएं दूरगामी सोच रखती हैं, वे प्रत्यक्ष शक्ति का प्रयोग नहीं करतीं बल्कि अप्रत्यक्ष शक्ति का प्रयोग करती हैं, जो अधिक प्रभावी होती है।"

## पंजाब में पहली बार अप्रैल माह से होगी ड्रग्स जनगणना, सौ करोड़ रुपये आरक्षित

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार राज्य में नशा तथा सामाजिक-आर्थिक जनगणना करवाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। राज्य में यह पहला मौका होगा, जब ड्रग्स जनगणना होगी। इसके स्वरूप के बारे में बहुत जल्द सरकार ड्राफ्ट जारी करेगी। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने रविवार को राज्य का बजट पेश करते हुए इस जनगणना के लिए सौ करोड़ रुपये आरक्षित रखे हैं। हरपाल चीमा ने कहा कि चालू वर्ष के दौरान अप्रैल माह से यह जनगणना शुरू की जाएगी, जिसके लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।जनगणना की सटीकता, पारदर्शिता और डेटा सुनिश्चित करने के लिए एक साफ्टवेयर प्लेटफार्म विकसित किया गया है। इसके पीछे सरकार का तर्क है कि विश्वसनीय, साक्ष्य आधारित आंकड़े तैयार किए जा सकेंगे। इस जानकारी के आधार पर नशों के विरूद्ध अभियान चलाने में मजबूती मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान में 52 हजार 331 तस्करों के विरूद्ध 36 हजार 686 मामले दर्ज किए गए हैं। 33 हजार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। नशों के खिलाफ अभियान को तेज करने के लिए पंजाब में 12 हजार ग्राम रक्षा समितियों का गठन किया गया है, जिसमें एक लाख 25 हजार व्यक्तियों को पिंड दा पहरेदार बनाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि अब तक 2762 गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 34 का एनकांउटर किया गया है। 1062 मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके 2203 हथियार बरामद किए गए हैं।

# अब उत्तर प्रदेश की बेटियां किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सूबे की बेटियां अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं क्योंकि सरकार उनके जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए एक 'पैकेज' देगी। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए रोजगार सम्मान व विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक लाभ के वितरण कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं के लिए अपनी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का विस्तार से जिक्र किया। उन्होंने कहा, "बेटियां अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगीं क्योंकि जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए सरकार एक पैकेज देगी।"



योगी ने कहा कि लड़की के जन्म के बाद पंजीकरण के तहत नाम रजिस्टर पर लिखा जाएगा वैसे ही बच्ची के जन्म पर मिलने वाला धन बैंक खाते में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा सभी प्रकार के टीकों को लगवाने के लिए भी सरकार धन उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि बेटी जब पहली कक्षा में प्रवेश लेगी तो पंजीकरण के साथ ही धन उसके खाते में आ जाएगा और जब वह पांचवी कक्षा उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में प्रवेश लेगी, धन उसके खाते में पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, "25 हजार की धनराशि अलग-अलग श्रेणी में दी जाएगी। वर्तमान में 27 लाख बेटियां इस योजना का लाभ प्राप्त कर रही है।"

मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह योजना का जिक्र करते हुए कहा कि जब बेटी शादी के योग्य हो जाए तो भी उसके अभिभावकों को उसकी शादी के खर्च की चिंता करने की जरूरत नहीं है वर्तमान में सरकार बेटी की शादी के लिए एक लाख रुपए दे रही है और इस योजना के तहत अब तक चार लाख से ज्यादा बेटियों की शादी संपन्न कराई जा चुकी है। योगी ने 'लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना' का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार इसे जल्द ही शुरू करेगी, जिसमें बेटियों को स्कूटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में मेधावी लड़कियों को स्कूटी दी जाएगी और दूसरे चरण में अन्य सभी छात्राओं को इससे जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने देश के विकास में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आधी आबादी को नजरअंदाज करके कोई भी समाज स्वावलंबी और आत्मनिर्भर नहीं बन सकता।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मातृ वंदना योजना समेत अनेक कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए हैं और आने वाले समय में सांसद तथा विधानसभाओं में 35 फीसदी सीट पर बेटियां और बहनें चुनकर पहुंचेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कल श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 13 प्रतिशत थी, जो आज 36 से 37 फीसदी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार बजट में सरकार ने एक नई योजना के तहत हर न्याय पंचायत में डिजिटल उद्यमिता स्थापित करने का निर्णय लिया है और इससे चार हजार से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह महिलाएं हर न्याय पंचायत के अंदर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों से जुड़ेंगी, लोगों को जोड़ेंगी और उन्हें आगे बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने दूसरे शहरों में जाकर काम करने वाली महिलाओं के लिए 'वर्किंग वूमेन हॉस्टल' की स्थापना का काम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इस समय वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर, झांसी और आगरा में यह छात्रावास बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अयोध्या, बरेली, अलीगढ़, मिर्जापुर, सहारनपुर और मुरादाबाद में भी यह छात्रावास बनाए जाएंगे और इसके लिए बजट में व्यवस्था की गई है।

## योगी आदित्यनाथ ने 'पिंक रोजगार महाकुंभ' में नियुक्ति पत्र वितरित किये

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये और रोजगार संगम पोर्टल के 'मोबाइल एप्लीकेशन' की शुरुआत की। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक 'पिंक रोजगार महाकुंभ 2026' का उद्देश्य राज्यभर में रोजगार के मौकों को बढ़ावा देना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। बयान के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान पांच हजार से ज्यादा महिलाओं को अलग-अलग हिस्सा लेने वाले संगठनों के जरिए नौकरी के प्रस्ताव मिले। मुख्यमंत्री ने रोजगार संगम पोर्टल का 'मोबाइल एप्लीकेशन' भी जारी किया जो नौकरी ढूंढने वालों को रोजगार के मौकों से जोड़ने के लिए बनाया गया एक मंच है। बयान के अनुसार आदित्यनाथ ने 94 नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और बेहतरीन महिला कर्मचारियों और मेधावी छात्राओं को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने 'कन्या सुमंगला योजना' के लाभार्थियों को चेक भी दिये।

## कानपुर में बनेगा एविएशन स्किल हब, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर : जयंत चौधरी



**कानपुर।** दुनिया में एविएशन सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है और इसमें प्रशिक्षित युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। कानपुर में बनने वाला एविएशन स्किल हब युवाओं को आधुनिक प्रशिक्षण देगा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। यह बातें रविवार को कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी ने कहीं।कानपुर में केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई) परिसर में जल्द ही एविएशन स्किल हब स्थापित किया जाएगा। यह परियोजना भारत सरकार और फ्रांस सरकार की साझेदारी से तैयार की जा रही है।

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने इसके लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का निर्णय लिया है, जहां युवाओं को एविएशन और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।बताया गया कि नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनएसटीआई) परिसर में प्रस्तावित इस केंद्र के माध्यम से एयरोनॉटिक्स मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (एमआरओ) से जुड़ी ट्रेनिंग दी जाएगी। यह योजना प्रधानमंत्री सेतु योजना के अंतर्गत लागू की जा रही है। इससे बड़ी संख्या में युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने छह जून 2025 और 25 जनवरी 2026 को कौशल विकास मंत्रालय को पत्र लिखकर सीटीआई संस्थान के विस्तार की मांग की थी। उन्होंने बताया था कि संस्थान के पास करीब 69 एकड़ जमीन उपलब्ध है, जिसका उपयोग कर इसे कौशल विकास और उद्यमशीलता के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

इसी प्रस्ताव को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने कानपुर में एविएशन स्किल हब स्थापित करने का फैसला लिया। इस परियोजना से शहर में तकनीकी शिक्षा और उद्योग से जुड़े प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस संबंध में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संयोजक सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जयंत चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में नरेंद्र सिंह यादव, मोहम्मद उस्मान और नफीस इदरीसी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सुभासपा अगर इतनी बड़ी पार्टी है तो ओम प्रकाश राजभर प्रधानमंत्री बनने का दावा करें : शिवपाल यादव

**आज़मगढ़।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने आज आजमगढ़ में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा को झूठ बोलने वाली पार्टी बताते हुए भ्रष्टाचार और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। साथ ही सुभासपा के ओम प्रकाश राजभर के आजमगढ़ की सभी सीटें जीतने के दावे पर तंज कसा।



सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव आज उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ जिले के जहानागंज थाना क्षेत्र के धरवारा गांव में आयोजित कुश्ती समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। वे पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री पूर्व मंत्री चंद्रदेव राम यादव के करैली के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के आजमगढ़ जिले में एनडीए के दस सीटों पर जीत के दावा पर कहा कि इतने छोटे स्तर के नेता के बयान का जवाब देना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि वे समाजवादी पार्टी की बदौलत ही विधायक बने थे और आने वाले चुनाव में उन्हें इसका पता चल जाएगा। शिवपाल यादव ने कहा कि उनका कोई भरोसा नहीं है कि वे किस समय किस तरफ चले जाएं। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यदि सुभासपा इतनी बड़ी पार्टी है तो सीधे प्रधानमंत्री बनने का दावा करे। महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रात में महिलाओं की सुरक्षा की बात करते हैं, लेकिन दिनदहाड़े महिलाओं का अपहरण और रेप हो रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर स्थिति ठीक नहीं है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर हुए हमले और उससे जुड़े मामलों पर उन्होंने कहा कि इस तरह के कई मुकदमे झूठे लिखाए जाते हैं और इसमें भाजपा की भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि अब मामला कोर्ट में है और न्यायालय से ही न्याय मिलेगा।

## टकोरा मार कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव प्रेम नगर में पति ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। प्रेम नगर निवासी शिवानी (25) का पति विजय कोरी से विवाद हो गया। विवाद के चलते पति विजय कोरी ने टकोरे से पत्नी शिवानी के सिर पर प्रहार कर दिया। इससे वह लहू लुहान होकर वही गिर पडी । घटना के बाद विजय कोरी मौके से भाग गया । विजय कोरी के बडे भाई विकास कोरी बेहोशी की हालत में शिवानी को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए । जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा. जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर शिवानी को फर्रुखावाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल मे डा. प्रदीप राजपूत ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पाते ही परिजनो में कोहराम मच गया । शिवानी की एक वर्ष की बेटी काव्या है । पुलिस ने पति को हिरासत मे लेकर टकोरा बरामद कर लिया है।



## उप्र में स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली उपभोक्ताओं से वसूले 127 करोड़, आयोग ने दिए लौटाने के आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए आदेश दिया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर वसूले गए लाखों रुपये वापस की जाए। आयोग ने यह भी कहा है कि एक अप्रैल के बाद जिन उपभोक्ताओं से अतिरिक्त पैसे लिए गए हैं, उनकी राशि बिजली बिलों में समायोजित कर लौटाई जाए। यह अतिरिक्त राशि लगभग 127 करोड़ रुपये है।



यह आदेश आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य संजय कुमार सिंह ने उपभोक्ता परिषद की याचिका पर सुनवाई करते समय दिया। आयोग ने इस मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी और उसी दिन पॉवर कॉर्पोरेशन के निदेशक (वाणिज्य) को व्यक्तिगत रूप से आयोग के सामने उपस्थित होने का भी निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई के समय कहा गया है कि बिजली वितरण कंपनियों ने नए बिजली कनेक्शन देते समय सिंगल फेज कनेक्शन पर 6016 रुपये और थ्री फेज कनेक्शन पर 11341 रुपये वसूले। वसूली गई इस राशि में सिंगल फेज पर लगभग 3216 रुपये और थ्री फेज पर करीब 7241 रुपये अतिरिक्त वसूले गए थे।

इस तरह की वसूली को लेकर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की और इस अधिक वसूली को अवैध बताते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की थी। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि 10 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच बिजली विभाग ने 3 लाख 53 हजार 357 नए कनेक्शन जारी किए थे, जिनसे यह अतिरिक्त राशि वसूली गई।

## प्रापर्टी डीलर ने करोड़ों की जमीन कब्जाने दंपति और मासूम को बनाया बंधक, पुलिस ने कराया मुक्त

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपये की जमीन हड़पने के लालच में शातिरों ने शाहजहांपुर निवासी दंपति और उनकी मासूम बेटी को करीब एक महीने तक फ्लैट में बंधक बनाकर रखा। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का ताला खुलवाकर तीनों को सकुशल मुक्त कराया। पीड़िता की तहरीर पर प्रॉपर्टी डीलर, कारोबारी और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



उन्नाव के बांगरमऊ की रहने वाली दिव्या गुप्ता की शादी शाहजहांपुर निवासी ओम गुप्ता से हुई है। दिव्या के अनुसार माता-पिता की मौत के बाद मायके की करीब दो करोड़ रुपये कीमत की जमीन उनके नाम है। करीब डेढ़ साल पहले एक परिचित ने जमीन बेचने के सिलसिले में उनकी मुलाकात कल्याणपुर के प्रॉपर्टी डीलर दीपक अग्रवाल से कराई थी। आरोप है कि दो फरवरी को जमीन से जुड़े काम के बहाने उन्हें परिवार समेत विजय नगर बुलाया गया, जहां पांच कारों से आए आरोपितों ने उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद उन्हें अलग-अलग होटलों में रखा गया और जमीन का नामांतरण व बैनामा कराने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर पति और बेटी को जान से मारने की धमकी दी जाती थी।

बाद में आरोपितों ने कल्याणपुर स्थित मार्स इंक्लेव में एक फ्लैट किराए पर लेकर दंपति और उनकी बेटी को वहां बंद कर बाहर से ताला लगा दिया। किसी तरह ओम गुप्ता ने मोबाइल हॉटस्पॉट की मदद से फेसबुक पर अपनी मां को संदेश भेजकर मदद मांगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का ताला खुलवाकर तीनों को शनिवार को मुक्त कराया। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि के मुताबिक दीपक समेत अन्य के खिलाफ बंधक बनाने, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बाघ के हमले में किसान की मौत

**लखीमपुर खीरी।** जिले में दुधवा बफर जोन के संपूर्णानगर वन रेंज में बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो गई। दुधवा बफर जोन की उपनिदेशक कीर्ति चौधरी ने बताया कि शनिवार को किसान परगट सिंह (50) का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सिंह शुक्रवार शाम को अपने गन्ने के खेतों से गुज़र रहे थे, तभी खेतों में छिपे एक बाघ ने उन पर हमला कर दिया। चौधरी ने बताया कि सिंह जब देर रात तक घर नहीं लौटे तो उनके परिजन ने उनकी तलाश शुरू की लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। उन्होंने बताया कि शनिवार को दोबारा तलाश शुरू की गई तो गन्ने के खेत के पास उनकी पगड़ी और चप्पलें मिलीं। चौधरी ने कहा कि परिजन जब गन्ने के खेत के अंदर गए तो उन्हें परगट सिंह का क्षत-विक्षत शव पाया गया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर वन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने इलाके में बाढ़ लगाने और मानव भक्षी हो चुके बाघ को पकड़ने की मांग की। अधिकारियों ने समुचित कार्यवाही का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौधरी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पीड़ित परिवार के सदस्यों को मुआवजा दिया जाएगा।

## बरेली एएनटीएफ टीम ने 5 करोड़ की स्मैक के साथ एक आरोपित तस्कर को दबोचा

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशे के गोरखधंधे से जड़े एक तस्कर को बीती रात शनिवार को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 2.64 किलोग्राम स्मैक बरामद की गई है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 5 करोड़ 30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन और 560 रुपये नकद भी बरामद किए हैं।



एएनटीएफ यूनिट बरेली के प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव ने बताया कि टीम को काफी समय से बरेली और आसपास के क्षेत्रों में स्मैक की तस्करी की सूचना मिल रही थी। शनिवार देर रात टीम को सूचना मिली कि एक तस्कर बड़ी मात्रा में स्मैक लेकर सप्लाई के लिए जा रहा है। इस पर एएनटीएफ टीम ने थाना सुभाषनगर क्षेत्र में बरेली-बदायूं रोड पर ग्राम रौंधी जाने वाले रास्ते के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से स्मैक बरामद हुई। आरोपित की पहचान स्मैक तस्कर शोभित गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता निवासी ग्राम सैंजनी, थाना मूसाझाग, जिला बदायूं के रूप में हुई। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपित स्मैक की सप्लाई पंजाब और उसके आसपास के क्षेत्रों तक करता था। शनिवार को भी वह स्मैक की खेप लेकर सप्लाई के लिए जा रहा था, लेकिन उससे पहले ही एएनटीएफ टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपित के खिलाफ थाना सुभाषनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बाद में उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। इस कार्रवाई में एएनटीएफ यूनिट बरेली के हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल सौरभ चौधरी, अंकित यादव, कुश कुमार, विनीत कुमार, रसविंद्र चौधरी और महिला कांस्टेबल छाया शामिल रहीं। थाना सुभाषनगर पुलिस ने भी सहयोग किया।

## एलकेजी के छात्र का अपहरण, मुकदमा दर्ज, तलाश में लगी पुलिस की टीमें

**प्रयागराज।** जिले में स्थित मांडा थाना क्षेत्र से शनिवार को एलकेजी के छात्र को उसके दादा के सामने से कार सवार दो बदमाश खींचकर फरार हो गए। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम खाना पूर्ति में जुट गई। हालांकि देर रात अपहरण का मुकदमा दर्ज कर ली है। वहीं दूसरी तरफ मांडा थाने की पुलिस टीम की कार्य प्रणाली से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि बच्चे की बरामदगी के लिए टीमें लगी हुई हैं। विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।

माण्डा थाना क्षेत्र के सरायकला गांव निवासी ओमप्रकाश मुम्बई में निजी सुरक्षाकर्मी के रूप में काम करता है। उसके दो बच्चे हैं, बड़ा 6 वर्षीय बेटा प्रतीक है जो घर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित स्कूल में स्कूल वैन पढ़ने जाता है। उसकी तीन वर्षीय बेटी है। प्रतीक को उसके दादा प्रतिदिन स्कूल वैन में बैठाने एवं लेने जाते हैं। शनिवार शाम प्रतीक को उसके दादा लेने के लिए चौराहे पर गए। जहां से पता पूछने के बहाने कार सवार बदमाश पहुंचे और स्कूल वैन से उतरकर प्रतीक जैसे अपने दादा की ओर बढ़ा, इस बीच बदमाश प्रतीक को कार में खींचकर फरार हो गए। प्रतीक के दादा नागेश्वर ने इस संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना के बावजूद मांडा थाने की पुलिस टीम मौके पर काफी देर से पहुंची, इस बीच कारसवार बदमाश फरार हो गए।

पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। विभिन्न पहलुओं पर जांच जारी है। परिवार के लोग किसी से भी रंजिश होने से इंकार किया है। हालांकि बच्चे की बरामदगी के लिए कई टीमों को लगाया गया है। इस संबंध में पड़ोसी जनपद मिर्जापुर सहित अन्य जिलों की पुलिस से संपर्क किया गया है।

## गौवंश संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल बनी गुलारा की गौशाला

### आजीविका मिशन की मदद से गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट बना रही 52 समूहों की 500 से अधिक महिलाएं

**झांसी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिला सशक्तिकरण और गौवंश संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं। झांसी के चिरगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुलारा की गौशाला और यहां स्थापित गाय के गोबर से पेंट बनाने का प्लांट एक अनूठा उदाहरण बनकर सामने आया है। यहां के गौशाला में एक ओर जहां निराश्रित गौवंशों को संरक्षण दिया जाता है तो दूसरी ओर गाय के गोबर से पेंट बनाकर महिलाएं उद्यमिता और आजीविका की राह दिखा रही हैं।



उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 52 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की 500 से अधिक महिलाओं की गठित गोवर्धन प्रेरणा महिला लघु उद्योग समिति ने खादी प्राकृतिक पेंट प्लांट की शुरुआत पिछले वर्ष 2025 में की है। समूह की महिला सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित इस प्लांट को संचालित करने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

खादी इंडिया के जयपुर स्थित कुमारप्पा इंस्टिट्यूट में महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाया गया है। यह अनूठा प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट पर्यावरण के अनुकूल माने जाते हैं और बाजार में इसकी मांग बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी भवनों की दीवारों को गाय के गोबर के पेंट से रंगने के निर्देश कई बार दे चुके हैं। प्लांट और गौशाला के रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी महिलाएं संभालती हैं। उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन और डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स नाम की गैर सरकारी संस्था ने महिलाओं को यूनिट की स्थापना के काम में तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान की है।

गोवर्धन प्रेरणा महिला लघु उद्योग समिति की सचिव दमयंती राजपूत ने बताया कि इस प्लांट में एक दिन में लगभग एक हजार लीटर तक पेंट तैयार कर लिया जाता है। गाय के गोबर से तैयार पेंट की काफी डिमांड है और कंपनी थोक के रेट में यहां से पेंट खरीद कर ले जाती है। यहां तैयार पेंट की बिक्री आसानी से हो जाती है। यहां सभी जिम्मेदारी महिलाएं ही संभालती हैं और आजीविका मिशन के माध्यम से मदद प्रदान की जाती है।

## चलती ट्रेन में श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के मुख्य वादी आशुतोष ब्रह्मचारी पर जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** चलती ट्रेन में श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के मुख्य वादी आशुतोष ब्रह्मचारी पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। प्रयागराज जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान सिराथू रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावरों ने उनकी नाक पर वार करने की कोशिश की, जिससे उन्हें कई जगह गहरे घाव आए।



आरोप है कि हमले के दौरान अपनी जान बचाने के लिए आशुतोष ब्रह्मचारी ट्रेन के बाथरूम में बंद हो गए, जिससे उनकी जान बच सकी। घटना के बाद उन्होंने प्रयागराज पहुंचकर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने में लिखित तहरीर दी है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने अपनी तहरीर में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, मुकुंदानन्द समेत कुछ अन्य लोगों पर साजिश के तहत उनकी नाक काटने की योजना बनाने का आरोप लगाया है। इस मामले में जीआरपी ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में जीआरपी प्रयागराज के पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने रविवार को बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि ट्रेन और संबंधित स्थानों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हराया

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल



सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंगा ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए 28 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत दिला दी।

इससे पूर्व भारत ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सदरलैंड के 129 रन की मदद से 323 रन बनाकर मेजबान टीम को पहली पारी में अहम बढ़त दिलाई थी। मैच के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, ''हमने टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर अच्छी शुरुआत की लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट मैच में अच्छा काम जारी नहीं रख सके लेकिन ऑस्ट्रेलिया में पूर्ण श्रृंखला खेलना एक अच्छा अनुभव था। गुलाबी गेंद का टेस्ट एक अलग चुनौती थी।'' ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली ने कहा, ''टी20 श्रृंखला में हार के बाद वापसी करना अविश्वसनीय था और मुझे टीम पर गर्व है। इस टीम को आगे बढ़ते और कुछ अच्छे नतीजे हासिल करते देखकर खुश हूं। पिछले एक हफ्ते से अधिक का समय बहुत बढ़िया रहा।''

# टी-20 वर्ल्डकप की क्लोजिंग सेरेमनी

## रिकी मार्टिन की 28 साल बाद इंडिया में परफॉर्मेंस, आले-आले पर झूमा स्टेडियम







**अहमदाबाद।** टी-20 वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शानदार अंदाज में हुई। इस दौरान मशहूर पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने करीब 28 साल बाद भारत में परफॉर्म किया। उन्होंने इससे पहले 1998 में दिल्ली में परफॉर्म किया था। उनके हिट गाने द कप ऑफ लाइफ के आले-आले पर पूरा स्टेडियम झूम उठा। क्लोजिंग सेरेमनी में भारतीय कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुति दी। सिंगर सुखबीर सिंह और फाल्गुनी पाठक के गानों पर स्टेडियम में मौजूद फैंस जमकर नाचते नजर आए। संगीत, रोशनी और आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम ने फाइनल मैच से पहले माहौल को और भी शानदार बना दिया। आले-आले मार्टिन के फेमस गाने द कप ऑफ लाइफ की प्रसिद्ध लाइन है। यह गाना 1998 में रिलीज हुआ था और 1998 FIFA वर्ल्ड कप का आधिकारिक गीत था। गाने की यह लाइन खेलों के दौरान उत्साह और जश्न का प्रतीक बन गई है। दुनिया भर में फुटबॉल और अन्य बड़े खेल आयोजनों में फैंस अक्सर आले, आले, आले गाकर अपनी टीम का हौसला बढ़ाते हैं। मार्टिन ने लिविन ला विदा लोका सॉन्ग पर भी परफॉर्म किया। यह एक बहुत लोकप्रिय गाना है। यह गाना 1999 में रिलीज हुआ था और उस समय दुनिया भर में जबरदस्त हिट रहा।

# महिलाओं को मजबूत बनाना समाज को मजबूत बनाना है: खेल मंत्री मांडविया



**कोलकाता।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं की फिटनेस और साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए यहां फिट इंडिया पिंक साइक्लोथन में हिस्सा लिया।

देश भर में 'संडे ऑन साइकिल' पहल में नागरिकों का उत्साह से हिस्सा लेना जारी है जिससे फिटनेस, व्यावहारिकता और सामुदायिक जुड़ाव का संदेश और मजबूत हुआ।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खेल मंत्री ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने और स्वच्छ पर्यावरण में योगदान देने के लिए साइकिलिंग को एक आसान लेकिन असरदार तरीके के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि इस तरह की पहल नागरिकों में फिटनेस और सामूहिक जिम्मेदारी की संस्कृति बनाने में मदद करती है।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने अपने कहा, कि जब महिलाएं मजबूत होती हैं तो परिवार और समाज तरक्की करते हैं और सीधे राष्ट्र-निर्माण में योगदान देते हैं। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेल और फिटनेस गतिविधियों में महिलाओं और लड़कियों को अधिक प्रोत्साहन और मौके देने की अपील की और साथ ही कहा कि सबको साथ लेकर चलने वाली भागीदारी समुदायों को मजबूत करती है और देश को आगे बढ़ाती है।

# पश्चिम एशिया टकराव के कारण आईसीसी ने दोहा बैठक स्थगित की



**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर के हिस्से के तौर पर वैश्विक खेल के अभी और भविष्य से जुड़े जरूरी मामलों पर बातचीत होनी थी। आईसीसी ने बैठक के लिए कतर को इसलिए चुना क्योंकि कतर में क्रिकेट के साथ उसका जुड़ाव बढ़ रहा है।

# कनाडा ने शीबिलीव्स कप में अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया



**हैरिसन (अमेरिका)।** गोलकीपर केलेन शेरिडन ने शुरुआती दो पेनल्टी बचाई जिससे कनाडा ने शीबिलीव्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गोल रहित ड्रॉ के बाद अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया। जोर्डिन हुइतेमा को पहले हाफ में कनाडा की ओर से गोल दागने का स्वर्णिम मौका मिला था लेकिन अर्जेन्टीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने उनके शॉट पर हाथ मार दिया जिसके बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई।

शीबिलीव्स कप के नए नियमों के अनुसार मैच में अतिरिक्त समय का खेल नहीं होता और नतीजे के लिए सीधे पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया जाता है। शेरिडन ने अर्जेन्टीना के शुरुआती दो प्रयासों को नाकाम किया और कनाडा ने तब जीत सुनिश्चित की जब विरोधी टीम की वेनिना प्रेनिंगर का शॉट क्रॉसबार से ऊपर से बाहर निकल गया।

## यमाल के गोल से बार्सीलोना ने एथलेटिक बिलबाओ को हराया

**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3-2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1-1 से ड्रॉ खेला।

# तांबा महंगा होने, रुपया कमजोर पड़ने से एसी की कीमतों में 5-15% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** कमरे को ठंडा रखने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्चों में निरंतर वृद्धि की भरपाई के लिए कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं। फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही यह बढ़ोतरी ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है।

डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है। यह वृद्धि तांबे जैसे प्रमुख कच्चे माल की लागत बढ़ने, रुपये की कमजोरी, नए ऊर्जा-दक्षता मानकों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि के कारण की गई है। हालांकि, उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के पूर्वानुमान और नए स्टार-रेटेड मॉडलों से बिजली की बचत के कारण इस साल बिक्री की गति मजबूत रहने की उम्मीद है। डाइकिन इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रही है। उन्होंने कहा, ''नए ऊर्जा मानक आ गए हैं, जिससे उत्पाद अधिक कुशल हो गए हैं। साथ ही तांबे जैसी सामग्री की कीमतें बढ़ गई हैं और अमेरिकी डॉलर रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। वैश्विक उथल-पुथल के कारण माल ढुलाई लागत भी बढ़ गई है, जिससे आयात महंगा हो गया है। ऐसे में कोई विकल्प नहीं बचा है।''

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल बिक्री 2024 के रिकॉर्ड स्तर को छुएगी और कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि कंपनी फरवरी के मध्य में ही 8-10 प्रतिशत की वृद्धि कर चुकी है। हालांकि, बाजार में अभी पुराना स्टॉक मौजूद है, इसलिए ग्राहकों को तुरंत बड़ा अंतर महसूस नहीं होगा।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले चार कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने 21,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले चार कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय इक्विटी से 21,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा फरवरी में भारतीय इक्विटी में 22,615 करोड़ रुपये के निवेश के बाद यह ताजा बिकवाली हुई है। फरवरी का निवेश पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक लिवाली थी। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन महीनों तक शुद्ध विक्रेता रहे थे।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। ताजा निकासी 2-6 मार्च के दौरान हुई, जब एफपीआई ने 'कैश मार्केट' में लगभग 21,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। उल्लेखनीय है कि तीन मार्च को होली के उपलक्ष्य में बाजार बंद थे। बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को बताया है। एंजेल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक वकारजावेद खान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के डर ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया, जिससे वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा पैदा हुई। इसके अलावा रुपया 92 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे चला गया, जबकि अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल में बढ़ोतरी हुई, जिससे बाजार की धारणा कमजोर हुई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता, बाजार में हालिया सुधार और कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि ने एफपीआई की बिकवाली में योगदान दिया है।

## शीर्ष 10 में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.81 लाख करोड़ रुपये घटा



**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में गिरावट के रुख के चलते देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 2,81,581.53 करोड़ रुपये की कमी आई है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,368.29 अंक यानी 2.91 प्रतिशत टूट गया। शीर्ष 10 की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस ही ऐसी कंपनियां रहीं, जिनके मूल्यांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 53,952.96 करोड़ रुपये घटकर 10,55,567.27 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 46,936.82 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 9,40,049.82 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 46,552.3 करोड़ रुपये घटकर 13,19,107.08 करोड़ रुपये रह गया। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में 45,629.03 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,43,208.36 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 28,934.56 करोड़ रुपये घटकर 5,91,136.03 करोड़ रुपये पर आ गया। इसके विपरीत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 14,750.39 करोड़ रुपये बढ़कर 19,01,583.05 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन भी 3,459.99 करोड़ रुपये चढ़कर 5,30,546.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

## उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त संघर्ष लंबा खिंचा तो हो सकती है समस्या: अधिकारी

**कोच्चि।** भारत में इस समय उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो समस्या पैदा हो सकती हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों को उर्वरकों की आपूर्ति करने वाली सबसे बड़ी कंपनी एफएसीटी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एफएसीटी रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल के लिए पश्चिम एशिया के कई देशों पर निर्भर है, जिन्हें समुद्री मार्ग से लाया जाता है। विश्लेषकों के अनुसार, लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। कोच्चि स्थित एफएसीटी के प्रबंध निदेशक एस शक्तिमणि ने कहा, ''हमारे पास पर्याप्त यूरिया उपलब्ध है। हमें उम्मीद है कि युद्ध की स्थिति शायद एक महीने के भीतर सुलझ जाएगी। हमारे पास खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त यूरिया है और हमें कोई समस्या नहीं होगी।''

# बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट, बाकी तेल-तिलहन में सुधार

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरइल के साझा हमले के बीच खाड़ी क्षेत्र में घमासान बढ़ने और होर्मुज बंदरगाह के रास्ते आने वाले यातायात के प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह मजबूती का रुख रहा तथा सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती दर्शाते बंद हुए।



गर्मियों की वजह से मांग प्रभावित रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में टकराव बढ़ने के बाद विशेषकर सोयाबीन तेल का आयात प्रभावित होने की आशंका है। गौरतलब है कि देश में सोयाबीन तेल आयातित खाद्यतेलों में सबसे अहम हिस्सा रखता है। देश के बाकी तेल-तिलहन से घरेलू मांग के मामूली हिस्से की ही आपूर्ति हो पाती है। पहले सूरजमुखी जैसे तेल के मामले में देश अपनी जरुरतों को लगभग पूरा करने की स्थिति में था लेकिन बाजार की अस्थिरता और नीतियों की अस्पष्टता के कारण आज देश सूरजमुखी तेल आवश्यकता के लिए लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर हो चला है।

सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह सरसों के नई फसल की आवक बढ़ने लगी है लेकिन खाड़ी क्षेत्र के युद्ध की सीमा हिन्दमहासागर तक फैलने के बाद खाद्यतेलों की आपूर्ति को लेकर आशंकायें मजबूत हुई हैं। इससे आम बाजार धारणा में तेजी कायम हो गयी है जिससे सरसों तेल-तिलहन अछूता नहीं रह पाया और आवक बढ़ने के बावजूद इसके दाम में मजबूती देखी गई। बाजार में स्टॉकिस्टों को भी सक्रिय देखा जा रहा है। इस बीच, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात की सरकारों ने किसानों से एमएसपी पर सरसों खरीद करने की बात कही है जिससे सरसों किसानों में काफी राहत देखी जा रही है। यह सरकार का स्वागतयोग्य कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास सरसों का स्टॉक काफी कम रह गया है और उसे 20-25 लाख टन सरसों का स्टॉक बनाकर रखने की ओर ध्यान देना चाहिये। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 125 रुपये के सुधार के साथ 6,600-6,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 300 रुपये के सुधार के साथ 13,750 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,325-2,425 रुपये और 2,355-2,470 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 250-250 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 5,600-5,650 रुपये और 5,200-5,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार, दिल्ली में सोयाबीन तेल 350 रुपये के सुधार के साथ 14,800 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 350 रुपये के सुधार के साथ 14,500 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 250 रुपये के सुधार के साथ 11,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह, सरकारी एजेंसियों की बिकवाली के कारण मूंगफली तेल तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई। मूंगफली तिलहन 25 रुपये की गिरावट के साथ 6,975-7,450 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 250 रुपये की गिरावट के साथ 16,850 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 25 रुपये की गिरावट के साथ 2,665-2,965 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में कारोबारी धारणा में आम मजबूती के रुख के अनुरूप, सीपीओ तेल का दाम 575 रुपये के उछाल के साथ 12,350 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 600 रुपये के उछाल के साथ 14,200 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव भी 650 रुपये के उछाल के साथ 13,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मांग बढ़ने और आवक कम रहने के अलावा नवरात्र और शादी विवाह के मौसम की मांग के कारण बिनौला तेल का दाम 650 रुपये का उछाल दर्शाता 13,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# स्विगी, मैजिकपिन, जोमैटो की 'फूड डिलीवरी' में दिसंबर तिमाही के दौरान दिखी मजबूत वृद्धि

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर भोजन पहुंचने वाली भारत की शीर्ष तीन कंपनियों - स्विगी, मैजिकपिन और जोमैटो ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वृद्धि की रफ्तार फिर से हासिल कर ली है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि त्योहारी मांग, किफायती पेशकशों और बढ़ते उपयोगकर्ता आधार के चलते ऑर्डर की संख्या में जबरदस्त उछाल देखा गया है।

विपणन, उत्पाद नवाचार और मूल्य आधारित प्रस्तावों में लगातार निवेश के साथ, इस क्षेत्र को आने वाली तिमाहियों में भी वृद्धि की गति बरकरार रहने की उम्मीद है। मैजिकपिन के संस्थापक और सीईओ अंशू शर्मा ने बताया, ''अक्टूबर-नवंबर-दिसंबर की तिमाही हमारे लिए शानदार रही है, जिसमें सभी बाजारों में मजबूत वृद्धि और बेहतर प्रदर्शन देखा गया। दिल्ली-एनसीआर जैसे परिपक्व बाजार स्थिर रहे, वहीं कंपनी ने बेंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई सहित अन्य शहरों में सकल ऑर्डर मूल्य में 40 प्रतिशत से अधिक



की वृद्धि दर्ज की।'' स्विगी ने कहा कि यह तेजी गति, चयन और सामर्थ्य के नए प्रस्तावों को अपनाने के कारण आई है।

कंपनी का औसत मासिक लेनदेन करने वाला उपयोगकर्ता आधार सालाना 22 प्रतिशत बढ़कर 2.43 करोड़ हो गया, जबकि इस दौरान कुल ऑर्डर 23 करोड़ से बढ़कर 29.4 करोड़ हो गए। जोमैटो के फूड डिलीवरी व्यवसाय ने भी समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बेहतर वृद्धि रुझान दर्ज किए। कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 9,846 करोड़ रुपये का शुद्ध ऑर्डर मूल्य दर्ज किया, जो सालाना 16.6 प्रतिशत की वृद्धि है।



# कनिका कपूर ने स्टार प्लस के शो 'तारा' में काम करने का अपना अनुभव साझा किया

**मुंबई।** अभिनेत्री कनिका कपूर ने स्टार प्लस के शो 'तारा' में काम करने का अपना अनुभव साझा किया है। जब से स्टार प्लस ने अपने आने वाले शो 'तारा' की घोषणा की है और इसके प्रोमो सामने आने लगे हैं, दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी उत्साह है। शो की दिलचस्प कहानी और मुख्य कलाकारों कुशाल आहूजा (युवराज) और कनिका कपूर (तारा) की वजह से लोग इसे देखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। यह कहानी दो ऐसे किरदारों की है जो अलग-अलग सामाजिक पृष्ठभूमि से आते हैं, लेकिन उनके बीच का गहरा भावनात्मक जुड़ाव धीरे-धीरे प्यार में बदल जाता है। 'तारा' हिम्मत, दोस्ती और समाज की बंदिशों के बीच बदलते रिश्तों की एक भावुक दास्तां है। तारा का किरदार निभा रहीं कनिका कपूर ने शो पर काम करने के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं बहुत उत्साहित हूँ कि 'तारा' आखिरकार दर्शकों तक पहुँच रहा है। टेलीविजन में समाज पर गहरा असर डालने की ताकत है। तारा खुद मानसिक रूप से बहुत मजबूत और अपनी उम्र से ज़्यादा समझदार है क्योंकि उसने बचपन से ही संघर्ष देखा है। मुश्किलों ने ही उसे निडर बनाया है और भगवान पर उसका भरोसा उसे हर कठिन मोड़ पर आगे बढ़ने की ताकत देता है। कनिका ने युवराज के साथ अपने रिश्ते पर भी बात की, जो वक्त के साथ बदलता नजर आएगा, युवराज के साथ तारा का रिश्ता बहुत खूबसूरत है क्योंकि वे साथ ही बड़े हुए हैं। तारा की नानी युवराज के घर काम करती हैं, इसलिए उनकी दोस्ती सालों के भरोसे और सुकून पर टिकी है। एक बस्ती से शुरू हुआ तारा का यह सफर उम्मीद है कि लोगों को प्रेरित करेगा और समाज के ऊंच-नीच के भेदभाव को कम करने में मदद करेगा। स्टार प्लस के साथ अपने पुराने रिश्ते को याद करते हुए कनिका ने बताया कि उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत इसी चैनल के रियलिटी शो 'इंडियाज़ नेक्स्ट सुपरस्टार्स' से की थी।

## संयुक्ता लीड रोल में नजर आएंगी नई पैन इंडिया फिल्म में

**मुंबई।** साउथ की अभिनेत्री संयुक्ता एक और बड़े प्रोजेक्ट के साथ चर्चा में हैं। निर्देशक पूरी जगन्नाध की अपकमिंग पैन इंडिया फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री तब्बू और बहुमुखी एक्टर विजय सेतुपति के साथ संयुक्ता स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इस मेगा प्रोजेक्ट को लेकर उद्योग में पहले से ही उत्सुकता बनी हुई है। बड़े पैमाने पर तैयार की गई इस फिल्म में विजय सेतुपति लीड रोल निभा रहे हैं, वहीं संयुक्ता फीमेल लीड के रूप में नजर आएंगी। तब्बू एक इंटेंस और बेहद महत्वपूर्ण किरदार में दिखाई देंगी, जिसकी इंडस्ट्री में खास चर्चा है। फिल्म का निर्माण निर्माता चार्ममे कौर और पूरी जगन्नाध ने अपने बैनर पुरी कनेक्ट के तहत किया है। शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसे तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा। संयुक्ता ने तब्बू के साथ काम करने के अनुभव को यादगार बताया। उन्होंने कहा कि तब्बू सेट पर जिस ऊर्जा और सहजता के साथ आती हैं, वह अद्भुत है। संयुक्ता ने तब्बू की पसंदीदा फ़िल्म कंडुकोंडियन का ज़िक्र करते हुए कहा कि उस फिल्म में उनका काम असाधारण था और आज भी उनकी वही ग्रेस बरकरार है।


## सोनम बाजवा ने दी जी सिने अवॉर्ड्स में शानदार प्रस्तुति



**मुंबई।** हाल ही में अभिनेत्री सोनम बाजवा ने पहली बार जी सिने अवॉर्ड्स 2026 के मंच पर लाइव परफॉर्मेंस दी। इस खास मौके को लेकर उन्होंने अपने अनुभव और भावनाओं के बारे में खुलकर बात की। जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में सोनम बाजवा ने अपनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' के लोकप्रिय गानों 'बोल कफ्फारा क्या होगा' और 'दिल दिल दिल' पर शानदार डांस प्रस्तुत किया। उनकी दमदार एनर्जी, आत्मविश्वास और बेहतरीन एक्सप्रेशन ने वहां मौजूद दर्शकों को काफी प्रभावित किया। उनकी परफॉर्मेंस के दौरान पूरा माहौल उत्साह से भर गया और दर्शकों ने तालियों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। सोनम की प्रस्तुति ने समारोह में मौजूद लोगों को खूब आनंदित किया। इस अनुभव को याद करते हुए सोनम बाजवा ने कहा कि वह पहले भी कई लाइव शो कर चुकी हैं, लेकिन किसी अवॉर्ड नाइट में प्रस्तुति देना उनके लिए बिल्कुल अलग और खास अनुभव था। उन्होंने बताया कि बचपन में वह अक्सर टीवी पर अवॉर्ड समारोह देखा करती थीं और मन ही मन सोचती थीं कि एक दिन वह भी ऐसे ही किसी बड़े मंच पर खड़ी होंगी। अब जब उन्हें यह मौका मिला, तो उन्हें लगा जैसे उनका पुराना सपना सच हो गया हो। सोनम ने आगे कहा कि यह उनका पहला अवॉर्ड शो परफॉर्मेंस था, इसलिए यह उनके लिए बेहद खास और भावनात्मक पल था। उन्होंने बताया कि पूरे फिल्म उद्योग के सामने मंच पर खड़ा होना एक अलग ही एहसास होता है। वहां का माहौल, सिनेमा का जश्न और दर्शकों का प्यार कलाकार के लिए बहुत मायने रखता है। हालांकि मंच पर जाने से पहले वह थोड़ी घबराई हुई थीं, लेकिन साथ ही उनके मन में इस अवसर को लेकर गहरा आभार भी था। वर्कफ्रंट की बात करें तो साल 2025 सोनम बाजवा के करियर के लिए काफी अहम साबित हुआ।

उनकी फिल्म 'हाउसफुल 5' और 'एक दीवाने की दीवानियत' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। इसके अलावा उन्होंने साल 2026 की शुरुआत भी एक बड़े प्रोजेक्ट के साथ की है। वह अभिनेता सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आईं। इन फिल्मों की सफलता ने उन्हें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक मजबूत पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। बता दें कि फिल्मी दुनिया में अवॉर्ड नाइट्स को हमेशा खास और यादगार माना जाता है। किसी बड़े अवॉर्ड समारोह के मंच पर प्रस्तुति देना हर कलाकार के लिए गर्व और सम्मान की बात होती है।

## लाखों दिलों से मिले आशीर्वाद का प्रतीक है 'जलसा': अमिताभ बच्चन



**मुंबई।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने हाल ही में अपने घर जलसा को लेकर एक भावनात्मक नोट साझा किया, जिसमें उन्होंने इसे सिर्फ एक मकान नहीं, बल्कि लाखों दिलों से मिले आशीर्वादों का प्रतीक बताया। उन्होंने लिखा कि जलसा तीन दशकों से ज्यादा समय से उनके परिवार के जीवन का आधार रहा है, जहां उनके बच्चे बड़े हुए, उनकी शादियां हुईं और अब उनके पोते-पोती भी इसी घर की गर्माहट में पल बढ़ रहे हैं। अमिताभ ने बताया कि प्रशंसकों का प्यार ही जलसा को एक खास जगह बनाता है। उन्होंने लिखा कि आज की व्यस्त दिनचर्या में जब फैंस समय निकालकर उनसे मिलने आते हैं और उनके स्वास्थ्य की कामना करते हैं, तो यह उनके लिए किसी दिव्य अनुभव जैसा लगता है। उन्होंने सभी को अपना बड़ा परिवार बताते हुए कहा कि उनका प्रेम और आशीर्वाद अमूल्य है और यही उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अपनी ब्लॉग पोस्ट में उन्होंने जलसा को खुशियों, जश्न और साथ का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह घर परिवार के रिश्तों, उत्सवों और जीवन की निरंतर यात्रा का साक्षी रहा है। उन्होंने इसे वह स्थान बताया जो हमेशा अपनापन और आनंद का अनुभव कराता है। उनके अनुसार, जलसा सिर्फ दीवारों से बना एक मकान नहीं बल्कि भावनाओं, यादों और वर्षों से संजोए गए स्नेह का केंद्र है। कार्य के मोर्चे पर, अमिताभ बच्चन आने वाले महीनों में कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगे। इन दिनों वे हैदराबाद में बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन फिल्म कल्की 2898 एडी पार्ट 2 की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें वे अश्वत्थामा की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा वे ब्रम्हास्त्र पार्ट 2, सेक्सन 84, द इंटर्न (रिमेक) और आंखें 2 जैसे कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का भी हिस्सा हैं। अमिताभ की यह भावुक अभिव्यक्ति न केवल उनके प्रशंसकों के प्रति उनके गहरे प्रेम को दर्शाती है, बल्कि उनके परिवार और घर से जुड़े अनमोल संबंधों को भी उजागर करती है।

